# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 15 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 12 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 11 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028






4 ▶▶ मॉनसून के मौसम में पुणे की इन खूबसूरत जगहों पर जाएं

रातों रात 'न्यू नेशनल क्रश' बनने वाली तृप्ति डिमरी की चमकी किस्मत ◀◀ 6





न्यूज ब्रीफ



## धूमधाम से मना करमा

**सिल्लीः** सिल्ली- मुरी व खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में भादो महीने के शुक्ल पक्ष के एकादशी दिन मनाए जाने वाले भाई-बहन के अटूट प्रेम और झारखंड की समृद्ध संस्कृति और सफलता का प्रतीक करमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाई के सुख समृद्धि और दीघार्यु की कामना की। करम डाली के पूजा के बाद जमकर झूमर खेला गया, चारों और करम के गीतों का गूंज सुनने को मिला।

## उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए मानव कुमार को किया गया सम्मानित



**रांचीः** आज छात्र क्लब पर्यावरण मंच(यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप )एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान मे कर्मा पूजा के शुभ अवसर मधुकम बस्ती के सुरक्षित स्थान मे पौधरोपण कर पौधे की देख भाल करने संकल्प लिया गया साथ ही विश्वकर्मा पूजा के दिन (17 सितंबर को) धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा,देश के प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाने एवं पौध रोपण करने का निर्णय लिया गया। इसकी सफलता के लिए कमेटी बनाई गई जिसमें संतोष कुमार श्रेयांश,अशोक कुमार राणा,सुबोध कुमार शर्मा,दामिनी कुमारी,प्रिया कुमारी,विवेक कुमार,राजकिशोर राणा,पिंटू शर्मा,सुभाष कुमार को संयोजक बनाया गया। इसके पूर्व क्लब एवं मंच की ओर से राष्ट्रीय एनजीओ संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानव कुमार को सामाजिक क्षेत्र मे उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए बरियातु रोड हिल व्यू नर्सिंग होम के निकट संघ के कार्यालय मे सम्मानित एवं कर्मा पूजा की बधाई दी गई।इस मौके पर संघ के प्रदेश कमिटी के बिपिन कुमार सिन्हा एवं प्रेम वर्मा उपस्थित थे।अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मानव कुमार ने कहा राष्ट्रीय एन।जी।ओ।संघ गरीब,जरूरत मंद,असहाय परिवार के लोगों के खुशियली के लिए काम कर रही है ताकि उनका पारिवारिक स्थिति ठीक रहे।मै समाजसेवियों से आग्रह है की हमारे संघ से जुड़े और जरूरतमंद लोगों की सेवा करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंटू शर्मा ने किया।

## दिव्यांग जन सशक्तिकरण संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए सुबोध कुमार पाण्डेय



**कोडरमाः** झुमरी तलैया में 12 से 14 सितंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जन विकास समिति और कोडरमा फ्रांसिसकन क्लारिस्ट सिस्टर सोसाइटी द्वारा होली फैमिली हॉस्पिटल के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार और झारखंड के विभिन्न जिले से दिव्यांग जन सशक्तिकरण संघ के जिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में वाराणसी से आए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मो। मूसा आजमी ने प्रतिभागियों को केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया और साथ ही सभी दिव्यांग लीडरों की दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिनियम 2016 के अंतर्गत दिए गए सभी अधिकारों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला और बताया कि उपरोक्त कानून कितना ज्यादा फायदेमंद है दिव्यांग जन के सामूहिक विकास के लिए। इसी बीच बिहार और झारखंड के विभिन्न जनपदों से आते हुए दिव्यांग लीडरों ने दिव्यांग जन सशक्तिकरण संघ की बिहार और झारखंड इकाई का चुनाव किया गया जिसमें दिव्यांगजन सशक्तिकरण संघ झारखंड के सुबोध पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। वहीं सोनू कुमार प्रदेश सचिव और सुश्री रजनी तिर्की कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। वही बिहार के जिला प्रतिनिधियों द्वारा हुए चुनाव में शशि भूषण प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष, विनेश कुमार प्रदेश सचिव और माधुरी कुमारी प्रदेश कोषाध्यक्ष चुनी गई। इस बैठक में चुने हुए प्रतिनिधियों के नेतृत्व में प्रदेश में दिव्यांगजन के साथ हो रहे भेदभाव और सरकार द्वारा बनाए गए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के आज तक उचित रूप से लागू नहीं किए जाने पर चिंताएं व्यक्त किया गया और अगले एक वर्ष की कार्य योजना बनाई गई जिसके आधार पर प्रदेश में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 को उसकी पूर्णता के साथ लागू किया जा सके। प्रशिक्षण के अंत में सिस्टर लीला ने प्रदेश अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष चुने गए दिव्यांग लीडरों को बधाई और सभी को भविष्य में दिव्यांग साथीयों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके प्रचार प्रसार के लिए सभी दिव्यांग साथीयों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता जयमांगल शाही ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय को मिली चेस टूर्नामेंट की मेजबानी



**रांची :** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज) ने वर्ष 2024-25 के चेस मेन ईस्ट जोन टूर्नामेंट की मेजबानी सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) को सौंपे जाने की घोषणा की है। यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स के संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक को प्रेषित किया है।

**एसबीयू के महानिदेशक ने सफल आयोजन के प्रति प्रतिबद्धता जतायी :** इस संदर्भ में महानिदेशक ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज का आभार व्यक्त करते हुए टूर्नामेंट के सफल आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी। विवि के प्रति कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, प्रदीप वर्मा, प्रभारी कुलपति प्रो एसबी डांडीन और कुलसचिव प्रो वीके सिंह ने विवि को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी मिलने पर हर्ष व्यक्त किया।

### करम पूजा महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि शांति और उन्नति की कामना की

- मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने समस्त राज्यवासियों को प्राकृतिक पर्व करम पूजा महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी
- मल्टी स्टोरेज हॉस्टल का होगा निर्माण
- आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा हॉस्टल
- शिक्षा के क्षेत्र में हो रहा है बदलाव
- राज्य सरकार का प्रयास देश में आदिवासी समुदाय की हो अलग पहचान



मेट्रो रेज

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन रांची महिला महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करम पूजा महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अखरा में पूजा-अर्चना की तथा करम डाली को प्रणाम कर झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने आदिवासी पारंपरिक वाद्य मांदर भी बजाया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित सभी लोगों को प्राकृतिक पर्व करम पूजा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राज्य सरकार का प्रयास देश में आदिवासी समुदाय की हो अलग पहचानः इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन ने कहा कि हमसभी का यह प्रयास होना चाहिए कि झारखंड की सभ्यता-संस्कृति सदैव आगे बढ़ती रहे। झारखंड के अंदर आदिवासियों की गूंज इतनी मजबूत हो कि सवा सौ करोड़ आबादी वाले इस देश में आदिवासी समुदाय की अलग पहचान बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपसभी के सहयोग से इस परिसर में करम पूजा महोत्सव काफी उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी यह परिकल्पना है कि आदिवासी समुदायों के त्योहारों का एक अलग स्थान बने। त्योहारों की जिम्मेदारी हमसभी लोग अपने कंधों पर उठाएं और आने वाले पीढ़ी को भी अपनी सभ्यता-संस्कृति से जोड़ें।

**मल्टी स्टोरेज हॉस्टल का होगा निर्माणः** मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि इस परिसर के अंदर राज्य सरकार की तरफ से मैं विशेष कार्य योजना लेकर आऊंगा। मुझे आज यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि आज झारखंड के इस राजधानी में पहले चरण में कल्याण विभाग के माध्यम से छात्र-छात्राओं के लिए मल्टी स्टोरेज हॉस्टल बनाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। यह मल्टी स्टोरेज हॉस्टल लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाएगी। यह हॉस्टल इस राज्य का आदर्श तथा आधुनिक व्यवस्थाओं से लैस होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय के अधिकतर बच्चे-बच्चियां गांव-देहात से आते हैं। ये बच्चे काफी जद्दोजहद करते हुए सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा ग्रहण करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के बच्चे-बच्चियां सरकारी हॉस्टलों में रहकर पढ़ाई करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं छात्र राजनीति में था तब मुझे कई कॉलेज तथा छात्रावास में जाने का मौका मिलता था। उस समय मैंने देखा कि हमारे छात्र-छात्राओं में उत्साह और दूरदर्शिता तो रहती थी लेकिन इनके बीच कई सारी बाधाएं इन्हें आगे बढ़ने में रुकावटें पैदा करती थी। आज के समय में भी हमारे आदिवासी समुदाय के छात्र-छात्राएं न्यूनतम चीजों के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। राज्य सरकार इस स्थिति को हर संभव बदलने का प्रयास कर रही है तथा आदिवासी समुदाय के बच्चों को आर्थिक सहयोग भी कर रही है। कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी छात्रावासों में होगी निःशुल्क भोजन की व्यवस्थाः मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उनकी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित सभी छात्रावासों में राज्य सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। अब राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी हॉस्टल्स में रसोईया, राशन तथा सुरक्षा हेतु गेटकीपर उपलब्ध रहेंगे। राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी छात्रावास प्रोफेशनल हॉस्टल की तरह संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि यहां की शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाया जा सके। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने सीएम एक्सीलेंस स्कूल की शुरूआत की है। पहले चरण में 80 विद्यालयों को सीएम एक्सीलेंस स्कूल के रूप में अपग्रेड किया जा चुका है। आने वाले समय में राज्य के भीतर 5 हजार सीएम एक्सीलेंस स्कूल संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, किसान सहित सभी वर्ग के बच्चे भी निजी विद्यालयों के तर्ज पर शिक्षा ग्रहण कर सकें इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का समय प्रतियोगिता परीक्षा का समय है। राज्य सरकार का प्रयास है कि हमारे आदिवासी समुदाय के बच्चे भी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर अच्छे पदों पर पहुंच सके। बच्चों की पढ़ाई में पैसा का अभाव बाधा न बने इसका भी ख्याल राज्य सरकार रख रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज करम पूजा महोत्सव के दिन जमकर बारिश हुई है। जब मैं भ्रमण पर रहता हूं तब देखता हूं कि इस वर्ष जमीन खेत हरे-भरे दिख रहे हैं। चारों ओर किसान वर्ग के लोग खेती-बाड़ी में व्यस्त हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग खेतों की हरियाली देखकर खुश हैं। इस अवसर पर विधायक श्री शिल्पी नेहा तिर्की सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय विशेष अधिवक्ता सम्मेलन सह अधिवक्ता परिषद का 32वां स्थापना दिवस कल

मेट्रो रेज

**रांचीः** राज्य स्तरीय एक दिवसीय प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन अधिवक्ता परिषद झारखंड द्वारा रांची विश्व विद्यालय स्थित आर्यभट्ट सभागार मोरहाबादी, रांची में किया गया है। पूरा कार्यक्रम तीन सत्रों में होना निश्चित हुआ है जो प्रातः 10:30 से शाम 4:30 बजे तक संपन्न होगा। जिसमे पूरे राज्य से लगभग 750 अधिवक्ताओं के शामिल होने की संभावना है ।कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्र ने यह जानकारी दी कि कार्यक्रम के संयोजक श्री राजेंद्र कृष्णा, अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद होंगे एवं इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायामूर्ति दीपक रौशन होंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद सह अपर महाधिवक्ता मध्य प्रदेश उपस्थित रहेंगे वहीं मुख्य वक्ता के रूप में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन मिश्रा की गरिमामई उपस्थिति रहेगी, साथ ही साथ अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री श्रीयुत श्रीहरि बोरेकर की भी विशेष उपस्थिति रहेगी । वहीं अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संयोजक सुनील कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रख्यात समाज सेवी राकेश लाल अंतिम सत्र के नागरिक कर्तव्य विषय के मुख्यवक्ता के रूप में विशेष उपस्थिति रहेगी । इस विशेष सम्मेलन सह स्थापना दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन करने के उद्देश्य से निम्नलिखित समितियों का गठन किया गया है :-

1) निबन्धन समिति : - सर्वश्री बलिराम प्रसाद जायसवाल (संयोजक), सत्येन्द्र नाथ गोंझू, राजकुमार, ज्योति कच्छप व पूनम कुमारी ।
2) भोजन व आपूर्ति समिति :- सर्वश्री विजय कुमार पाण्डेय (संयोजक), डॉ। भीम महतो , प्रदीप कुमार चौरसिया । हराधन प्रमाणिक,
3) सभागार समिति :- सर्वश्री प्रशान्त विद्यार्थी (संयोजक), प्रवीण कुमार पांडेय, अजय पाठक, जितेंद्र त्रिपाठी, मृत्युंजय, इन्दु भूषण
4) मंच प्रबन्धन समिति :- नीता कृष्णा (संयोजक), इन्दू पराशर, बक्शी विभा, लीना मुखर्जी , नेहा शर्मा , पिंकी साव
5) छपाई व आमंत्रण सामग्री समिति :- अवनीश कुमार मिश्र (संयोजक), शिवशंकर, गंगाधर नायक
6) प्रेस व मीडिया समिति : - रीतेश कुमार बॉबी (संयोजक), रोमित कुमार, रवि प्रकाश, बलदेव शर्मा, अविनाश कुमार श्रीवास्तव, अभिनव कौशल
7) वित्त व्यवस्था समिति :- सर्वश्री प्रभात कुमार सिन्हा (संयोजक),पवन कुमार पाठक, डॉ। मिथिलेश कुमार पाण्डेय व श्रीमती रंजना मुखर्जी ।
8) आय - ब्यय प्रबन्धन समिति :- सर्वश्री डॉ।भीम महतो (संयोजक) व पवन कुमार पाठक।
9) यातायात प्रबन्धन समिति :- रमित सतेन्द्र (संयोजक), सुनील कुमार, अभिजीत कुमार सिंह, लाल ज्ञान नाथ शाहदेव, जितेन्द्र त्रिपाठी , नीरज मोदी ।
10)स्वच्छता समिति : - सर्वश्री अमरदीप प्रजापति (संयोजक), अनूप जयसवाल, संजय कुमार मुखर्जी।
11)अधिकारी व्यवस्था सह आमंत्रण समिति : - अनिल कुमार कश्यप (संयोजक), राजीवा शर्मा , राज नंदन सहाय व मनोज टंडन।
13) आवास व्यवस्था : राधाकृष्ण गुप्ता। (संयोजक) , हराधन प्रामाणिक
14) मंच सज्जा : नीतू सिन्हा (संयोजक), मिक्की सिन्हा, श्वेता सिंह, रत्न प्रभा '
15) पुष्प सज्जा : अमित सिन्हा (संयोजक), अरुण कुमार, निखिल रंजन ।

उक्त जानकारी झारखण्ड अधिवक्ता परिषद के प्रान्त मीडिया सह प्रमुख एवम प्रान्त आउटरीच आयाम सदस्य रीतेश कुमार बॉबी द्वारा दी गई ।

## रांची पुराने विस मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण पुलिस ने फिर रोका

### संजय सेठ ने कल कहा था-कोई माई का लाल पूजा नहीं रोक सकता



**रांची :** राजधानी रांची के पुरानी विधानसभा मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण को पुलिस ने फिर से रोका दिया है। इससे पहले श्री रामलला पूजा समिति के मुख्य संरक्षक सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने बयान दिया था कि किसी भी कीमत पर कोई माई का लाल इस पूजा को रोक नहीं सकता। इस बयान के 24 घंटे के अंदर रविवार को पुलिस ने दोबारा काम रूकवा दिया है। पुलिस की ओर से बिना परमिशन के पंडाल निर्माण की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार, मैदान परिसर के चारों ओर लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मी तैनात है। ताकि पंडाल का निर्माण ना हो सके। पुलिस ने काम कर रहे कारिगरों को काम बंद रखने को कहा है। इधर श्री रामलला पूजा समिति ने पुराना विधानसभा मैदान में बैठक बुलाई है। बता दें पुराना विधानसभा मैदान में श्री रामलला पूजा समिति द्वारा भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करवाया जा रहा है। वहां 98 लाख की लागत से अयोध्या धाम के श्री राम लला मंदिर के प्रारूप पर पंडाल बनाया जा रहा है।

## अमित यादव, जेपी वर्मा, पूर्व डीएसपी ने थामा भाजपा का दामन



**रांची :** विधानसभा चुनाव के पहले झारखंड में ह्रदय परिवर्तन की बयार बहने लगी है। पिछले 15 दिन में झारखंड के चार विधायकों/पूर्व विधायकों का ह्रदय परिवर्तन हुआ है। पहले झामुमो नेता चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम बीजेपी में आये। इसके बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी की उपस्थिति में शनिवार को निर्दलीय विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा और पूर्व डीएसपी नवनीत हेंब्रम ने भी भाजपा दामन थाम लिया।

**अमित यादव और जयप्रकाश वर्मा पहले बीजेपी में ही थेः** तीनों नेताओं ने कहा कि वे किसी लालच में पार्टी में नहीं शामिल हुए हैं। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, वे उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। अमित यादव और जयप्रकाश वर्मा पहले बीजेपी में ही थे। 2019 में टिकट कटने के बाद अमित यादव ने निर्दलीय चुनाव लड़ कर जीत हासिल की थी। इससे पहले 2009 में बीजेपी के टिकट पर बरकट्ठा सीट से बीजेपी के टिकट पर जीत हासिल की थी। पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा की भी घर वापसी हुई है। लोकसभा चुनाव से पहले जयप्रकाश वर्मा ने बीजेपी को छोड़ झामुमो की सदस्यता ले ली थी।

**वर्मा 2014 में बीजेपी के टिकट पर गांडेय सीट से चुनाव जीते थे :** छह महीने बाद ही उनका झामुमो से मोह भंग हो गया। वर्मा 2014 में बीजेपी के टिकट पर गांडेय सीट से चुनाव जीते थे। 2019 के चुनाव में वे हार गये थे। वहीं, पूर्व डीएसपी नवनीत हेंब्रम ने भी भाजपा की सदस्यता ले ली है।

## देश को एकता के सूत्र में बांधती है हिंदी : आयुक्त

मेट्रो रेज




**रांचीः** हिंदी भाषा देश को एकता के सूत्र में बांधती है। स्वतंत्रता के आंदोलन में भी हिंदी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 14 सितंबर 1949 को देश ने हिंदी को राष्ट्र भाषा और देवनागरी लिपि के रूप में अपनाया। यह विचार दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने व्यक्त किये। वे कचहरी रोड स्थित विकास भवन सभागार में शनिवार को हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। हिंदी दिवस समारोह का उद्घाटन आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने किया: प्रमंडलीय राजभाषा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम हिंदी दिवस समारोह का उद्घाटन दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर उपनिदेशक राजभाषा गौतम कुमार, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव और एसडीओ उत्कर्ष कुमार उपस्थित हुए।

**स्वतंत्रता संग्राम में भी हिंदी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी :** आयुक्त ने कहा कि वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार हिंदी बोलने और समझने वाले लोगों की आबादी 69 प्रतिशत थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आंकड़ा वर्तमान समय में 75 प्रतिशत को पार कर गया होगा।

**हिंदी अंतरात्मा की भाषा है :** उपनिदेशक उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव और उपनिदेशक राजभाषा गौतम कुमार ने कहा कि हिंदी भाषा एक दूसरे को जोड़ने का काम करती है। 14 सितंबर को हिंदी दिवस देश के साथ दुनिया के कई देशों में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हिंदी अंतरात्मा की भाषा है।

रांची, रविवार, 15 सितंबर 2024
संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 12 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 11 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▶▶ मॉनसून के मौसम में पुणे की इन खूबसूरत जगहों पर जाएं
रातों रात 'न्यू नेशनल क्रश' बनने वाली तृप्ति डिमरी की चमकी किस्मत ◀◀ 6




# पीएम मोदी ने 6 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**मेट्रो रेज**

**रांची/टाटानगर:** प्रधानमंत्री ने रांची से ऑनलाइन छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि जब वह रांची हवाई अड्डे पर पहुंचे तब एक बहन ने उन्हें जावा दिया। उन्होंने बिरसा मुंडा को नमन करते हुए करमा पर्व के लिए झारखंड के लोगों को शुभकामनाएं दी। प्रकृति के साथ नहीं देने के कारण कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच पाने के कारण प्रधानमंत्री ने झारखंड के लोगों से क्षमा मांगी है। उन्होंने झारखंड के लोगों को सभी विकास कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि झारखंड के 50 से ज्यादा स्टेशनों का कायाकल्प हुआ है और उत्तर भारत में रेल कनेक्टिविटी बढ़ी है। उन्होंने 660 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अलावा 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई- जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किया।

प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 660 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। झारखंड के देवघर जिले में मधुपुर बाईपास लाइन और हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखा गया। मधुपुर बाईपास लाइन के पूरा होने के बाद हावड़ा-दिल्ली मेन लाइन पर ट्रेनों के रुकने की समस्या खत्म हो जाएगी। साथ ही गिरिडीह और जसीडीह के बीच यात्रा समय भी कम होगा। हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो इस स्टेशन पर कोचिंग स्टॉक के रखरखाव में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री कुरकुरा-कनारोअन दोहरीकरण परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित किया जो बंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का हिस्सा है और रांची, मुरी एवं चंद्रपुरा स्टेशनों के रास्ते राउरकेला-गोमोह मार्ग का हिस्सा है। इस परियोजना से माल और यात्री यातायात की गतिशीलता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा, आम लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 04 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) को भी राष्ट्र को समर्पित किया ।





**प्रधानमंत्री छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाया। अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें इन मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी:**

1 टाटानगर -पटना, 2 भागलपुर- दुमका- हावड़ा, 3 ब्रह्मपुर -टाटानगर, 4 गया - हावड़ा,5 देवघर - वाराणसी और 6 राउरकेला - हावड़ा।

इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुरू होने से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदाय को लाभ होगा। ये ट्रेनें देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में कालीघाट, बेलूर मठ आदि जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन के तीव्र गति वाले परिवहन प्रदान करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा, धनबाद में कोयला खदान उद्योग, कोलकाता में जूट उद्योग, दुगार्पुर में लौह और इस्पात संबद्ध उद्योगों को भी काफी बढ़ावा मिलेगा।

**खराब मौसम के कारण सड़क मार्ग से गये जमशेदपुर :** मौसम खराब होने के कारण प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर रांची से जमशेदपुर नहीं जा पाया। उद्घाटन और शिलान्यास सरकारी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री गोपाल मैदान जमशेदपुर की रैली में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से रांची से जमशेदपुर के लिए रवाना हुए।

**पीएम मोदी का रोड शो रद्द :** इस बीच पीएम मोदी का जमशेदपुर में होने वाला रोड शो रद्द कर दिया गया है। खराब मौसम और भारी बारिश की वजह से यह फैसला लिया गया है। झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'जमशेदपुर में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण शहर में प्रधानमंत्री का रोड शो फिलहाल रद्द कर दिया गया है।'

## खाटू श्याम जी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, 6 की मौत



**बूंदी :** राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में ईको कार में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि तीन लोग जख्मी हो गए हैं। सभी लोग मध्य प्रदेश से आ रहे थे और सीकर स्थित खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह हादसा बूंदी के हिण्डोली थाना क्षेत्र में हुआ। यहां तालाब से लगते हुए ओवरब्रिज के पास ट्रक और ईको कार में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिगस्त हो गई और कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग जख्मी हो गए।

## मेरठ बिल्डिंग हादसा : मलबे में दबकर एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत, 5 की हालत नाजुक,रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश के मेरठ में शनिवार की शाम को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तीन मंजिला बिल्डिंग ढह गई, जिसमें अब तक दबकर 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 लोगों की हालत गंभीर है। मरने वाले सभी एक ही परिवार के थे। बिल्डिंग गिरने के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड के साथ एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एहतियातन घटनास्थल के आस-पास के घरों को भी खाली करा लिया गया है।



यह घटना लोहिया नगर थाना इलाके के जाकिर कॉलोनी की है, जहां ग्राउंड फ्लोर के साथ दो मंजिला बनी एक 35 साल पुरानी बिल्डिंग ढह गई। बताया जा रहा है कि नीचे ग्राउंड फ्लोर पर डेयरी चला करती थी। यहां कई दुधारू पशु भी बंधे हुए थे और घर के सभी लोग ऊपरी दो मंजिलों में रहा करते थे। रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी टीमों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा क्योंकि ये शहर का पुराना इलाका है। यहां की गलियां बहुत ही संकरी है, जिसकी वजह से बड़ी मशीन और बुलडोजर रेस्क्यू के लिए नहीं आ पाए।

मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया है कि प्रशासन को बिल्डिंग के अंदर मौजूद जिन 15 लोगों की लिस्ट दी गई थी। उन सभी 15 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है। इनमें से 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच लोगों का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। मलबे में दबने वालों में केवल एक पुरुष है, जबकि तीन महिलाएं हैं, जिनकी उम्र 18 साल से ज्यादा है। इनके अलावा सभी बच्चे हैं, जिनकी उम्र 18 साल से कम है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने मेरठ में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



## फ्यूल टैंकर में भीषण विस्फोट, 16 से अधिक लोगों की मौत, 40 गंभीर

**मेक्सिको सिटी :** हैती में ईंधन (फ्यूल) टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट शनिवार को उस समय हुआ जब लोग निप्पेस विभाग के कैल्बसियर क्षेत्र में एक दुर्घटना के बाद टैंकर से अवैध रूप से ईंधन इकट्ठा करने का प्रयास कर रहे थे।

रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि कई घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हैती के प्रधानमंत्री गैरी कोनिले ने सोशल मीडिया पर कहा कि नागरिक सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य टीमें पीड़ितों की सहायता कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि फ्यूल टैंकर में हुए विस्फोट से मैं बहुत दुखी हूं। मैं संबंधित स्थानीय अधिकारियों से बात कर रहा हूं। आंकड़ों के अनुसार, दोपहर तक 15 से अधिक लोग मारे गए और 40 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उन्होंने कहा, सरकार सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है तथा हेलीकॉप्टर से उन्हें निकालने की योजना बना रही है।

## रिपोर्ट : 2045 तक भारत में कामकाजी लोगों की संख्या 17.9 करोड़ बढ़ जायेगी



**नई दिल्ली:** भारत की डेमोग्राफी आने वाले वर्षों में देश के विकास में बड़ी भूमिका निभायेगी। 2045 तक देश में कामकाजी लोगों की संख्या में 17.9 करोड़ का इजाफा होगा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। मौजूदा समय में भारत की कामकाजी लोगों की संख्या 96.1 करोड़ है और बेरोजगारी दर पांच वर्ष के निचले स्तर पर है।

भारत में कामकाजी लोगों की संख्या (25 से 64 वर्ष की आयु) में इजाफा हो रहा है: वैश्विक निवेश फर्म जेफरीज की ओर से कहा गया कि भारत में कामकाजी लोगों की संख्या (25 से 64 वर्ष की आयु) में इजाफा हो रहा है और कुल आबादी का एक बड़ा हिस्सा सेविंग्स और निवेश को लेकर सकारात्मक है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में कामकाजी लोगों में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, जो कि लेबर फोर्स बढ़ने की अहम वजह है। जेफरीज की ओर से ताजा नोट में कहा गया है कि कामकाजी लोगों की संख्या में बढ़ोतरी में धीमापन 2030 से आना शुरू हो जायेगा।

**देश में रोजगार में इजाफा हो रहा है:** सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से अगस्त में जारी किये गये डेटा के मुताबिक, भारत में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों में अप्रैल-जून में बढ़कर 50.1 प्रतिशत हो गयी है, जोकि अप्रैल-जून 2023 में 48.8 प्रतिशत थी, जो दिखाता है कि देश में रोजगार में इजाफा हो रहा है।

दस वर्षों में देश में करीब 17 करोड़ लोगों को नौकरियां मिली हैं: इस साल अप्रैल से जून की अवधि में 15 वर्ष या उससे अधिक की उम्र की महिलाओं में एलएफपीआर दर बढ़कर 25.2 प्रतिशत हो गयी है, जोकि 2023 की समान अवधि में 23.2 प्रतिशत थी। आरबीआई के डेटा के मुताबिक, पिछले दस वर्षों में देश में करीब 17 करोड़ लोगों को नौकरियां मिली हैं। देश में 2023-24 में 64.33 करोड़ लोगों को पास रोजगार था।

### अरविंद केजरीवाल का बड़ा ऐलान, कहा-

# दो दिन बाद छोड़ दूंगा सीएम पद

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। इसे दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा , मैं दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती, मैं सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। मैं हर घर और गली-गली में जाऊंगा और जब तक मुझे जनता से फैसला नहीं मिल जाता तब तक मैं सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा।


अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जेल में उन्हें सोचने और किताबें पढ़ने का काफी समय मिला, जिसमें उन्होंने कई बार गीता पढ़ी। इसके साथ ही वे भगत सिंह की जेल डायरी भी पढ़ते रहे। उन्होंने बताया कि भगत सिंह ने जेल में कई पत्र लिखे थे। केजरीवाल ने कहा कि भगत सिंह की शहादत के 95 साल बाद एक मुख्यमंत्री जेल गया। उन्होंने जेल से सिर्फ एक पत्र लिखा था, जो एलजी साहब को भेजा गया था, जिसमें 15 अगस्त को आतिशी को झंडा फहराने की अनुमति मांगी थी, लेकिन वह पत्र एलजी तक नहीं पहुंचाया गया और उन्हें चेतावनी दी गई कि अगर दोबारा पत्र लिखा तो पारिवारिक मुलाकात बंद कर दी जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि शायद अंग्रेजों ने भी नहीं सोचा था कि आजादी के इतने साल बाद उनसे भी ज्यादा क्रूर शासक देश में आएंगे।



**विधायकों की बैठक में होगा अगले सीएम का फैसला:अरविंद केजरीवाल :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कहते हैं, कुछ लोग कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण हम काम नहीं कर पाएंगे। यहां तक ??कि उन्होंने हम पर प्रतिबंध लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अगर आपको लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो वोट करें ।़ मेरे लिए बड़ी संख्या में। मैं निर्वाचित होने के बाद ही सीएम की कुर्सी पर बैठूंगा। चुनाव फरवरी में होने हैं। मैं मांग करता हूं कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनाव हो। चुनाव होने तक कोई और पार्टी का मुख्यमंत्री होगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगले सीएम का फैसला किया जाएगा।

# भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं

# मथुरा शहर



**मथुरा का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा हुआ है। यह शहर महाभारत और पुराणों में उल्लेखित है और इसे ब्रज भूमि के रूप में भी जाना जाता है। मथुरा के ऐतिहासिक महत्व को लेकर कई कहानियाँ और पौराणिक किवदंतियाँ प्रचलित हैं।**

मथुरा, उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक शहर है, जो भारतीय संस्कृति और धार्मिकता में विशेष स्थान रखता है। यह शहर भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि के रूप में प्रसिद्ध है और यहाँ की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्वता इसे देश और विदेश से आने वाले पर्यटकों और भक्तों के लिए एक प्रमुख स्थल बनाती है।

### मथुरा का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

मथुरा का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा हुआ है। यह शहर महाभारत और पुराणों में उल्लेखित है और इसे ब्रज भूमि के रूप में भी जाना जाता है। मथुरा के ऐतिहासिक महत्व को लेकर कई कहानियाँ और पौराणिक किवदंतियाँ प्रचलित हैं। यहाँ के मंदिर, घाट और स्थल इसके ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को दर्शाते हैं।

### धार्मिक महत्व

मथुरा की सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल श्री कृष्ण जन्मभूमि है, जो भगवान श्री कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में प्रसिद्ध है। यहाँ पर कृष्णा के जन्म का उत्सव 'जन्माष्टमी' धूमधाम से मनाया जाता है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के अलावा, यहाँ कई अन्य महत्वपूर्ण स्थल भी हैं जैसे कि गोवर्धन, बरसाना और नंदगांव, जो कृष्ण और राधा के जीवन से जुड़े हैं।

### प्रमुख स्थल

श्री कृष्ण जन्मभूमिः यह स्थल भगवान कृष्ण के जन्म का स्थल माना जाता है। यहाँ पर एक विशाल मंदिर परिसर है जिसमें भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित है।

**द्वारकाधीश मंदिरः** यह मंदिर भगवान कृष्ण के द्वारका स्वरूप की पूजा के लिए प्रसिद्ध है।

**वृंदावनः** मथुरा के पास स्थित वृंदावन भी भगवान कृष्ण से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ पर कृष्ण के बाल्यकाल की लीलाएँ और राधा-कृष्ण के प्रेम की कथाएँ प्रसिद्ध हैं।

**गोवर्धनः** यह स्थल भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा से जुड़ा हुआ है। यहाँ पर हर साल गोवर्धन पूजा मनाई जाती है।

### सांस्कृतिक परंपराएँ

मथुरा का सांस्कृतिक जीवन रंगीन और विविधतापूर्ण है। यहाँ की लोक कला, संगीत, नृत्य और त्यौहार भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मथुरा में आयोजित होने वाले 'रासलीला' और 'संत निवास' कार्यक्रम विशेष रूप से भक्तों और पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

### पर्यटन और यात्रा

मथुरा यात्रा के लिए साल भर में किसी भी समय जाया जा सकता है, लेकिन जन्माष्टमी और होली के समय यहाँ की रौनक और भी बढ़ जाती है। यहाँ की गलियाँ, बाजार, मंदिर और घाट एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। मथुरा आने वाले पर्यटक यहाँ की स्थानीय कला, हस्तशिल्प और विशेष रूप से मिठाइयों का आनंद ले सकते हैं।

मथुरा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहाँ की ऐतिहासिक स्थलों, धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से यह शहर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है। मथुरा की यात्रा एक आत्मिक अनुभव प्रदान करती है और भगवान कृष्ण के जीवन की गहराइयों को समझने का अवसर देती है।

# मानसून के मौसम में पुणे की इन खूबसूरत जगहों पर जाएं

## जिंदगी रोमांच से भरपूर रहेगी

मानसून के सीजन में आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आप महाराष्ट्र के पुणे की इन खूबसूरत जगहों पर जरुर जाएं। महाराष्ट्र में स्थित, पुणे एक काफी हलचल से भरा महानगरीय शहर है जिसका मराठा साम्राज्य के पेशवाओं की सीट के रूप में एक पुराना इतिहास रहा है। दरअसल, यह शहर समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक चमत्कारों को समेटे हुए है। गौरतलब है कि 'डेक्कन की रानी' के रूप में जाना जाने वाला पुणे, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत हिल-स्टेशन जैसे माहौल के साथ, भारत के कुछ सबसे लुभावने स्थानों का घर है। इस लेख में हम आपको पुणे की खूबसूरत जगहों के बारे में बताएंगे, यहां आप पुणे की यात्रा के दौरान जा सकते हैं।



### खड़कवासला बांध

पुणे सिटी के सबसे लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक, खड़कवासला बांध, जो मुथा नदी पर बनाया गया था। इसे एक जलाशय, खडकवासला झील, पुणे और उसके उपनगरों के लिए मुख्य जल स्त्रोत बनाया गया है। यहां पर देखने के लिए लुभावनी पहाड़ियों और आश्चर्यजनक दृश्यों से घिरा, कोई भी यहां सुंदर सनसेट का आनंद ले सकता है। यह डैम स्थानीय लोगों का पसंदीदा पिकनिक स्थल भी है।

### सिंहगढ़ किला

पुणे का यह सिंहगढ़ किला कई लड़ाइयों का स्थल रहा है। यह किला सह्याद्रि की भुलेश्वर श्रृंखला की चट्टान पर बना है। सिंहगढ़ किला का यह स्थान पर मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है और शोर-शराबे से दूर रहने के लिए एक आदर्श स्थान है। पुणे में आसपास के अन्य किले जैसे तोरणा, पुरंदर और राजगढ़ सिंहगढ़ भी आप देख सकते हैं।

### पुणे ओकायामा फ्रेंडशिप गार्डन

जापान के ओकायामा में कोराकुएन गार्डन से प्रेरित, पुणे ओकायामा फ्रेंडशिप गार्डन में रॉक गार्डन, छोटे पेड़ और एक सुखदायक झील जैसी शांत जगहें हैं, जहां आप जा सकते हैं। यह गार्डन 10 एकड़ में फैला, यहां आप अपने प्रियजनों के साथ एक शाम बिताने के लिए जा सकते हैं। यह उद्यान, जिसे पु भारत और जापान के बीच लंबी दोस्ती का प्रतीक है।

### मुलशी झील और बांध

पुणे में यह जगह काफी लोकप्रिय है। मुलशी बांध पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। मुला नदी पर निर्मित, यह एक सुंदर दृश्य और शांति प्रदान करता है जो लोगों को तरोताजा होने का मौका देता है। यह स्थान दो पहाड़ियों और घने जंगल की बीत में बसा हुआ है।

### ओशो तीर्थ पार्क

ओशो पार्क पुणे के कोरेगांव पार्क में 12 एकड़ में फैला एक सुंदर आश्रय स्थल है। पार्क में घने जंगल और ध्यान के लिए विशिष्ट स्थान हैं। यह अपने आश्चर्यजनक परिदृश्य और जल संरक्षण के तरीकों के लिए जाना जाता है। ओशो तीर्थ पार्क तेज सैर या शहरी जीवन की शोर-शराबे से बचने के लिए और शांति खोजने के लिए एक आदर्श स्थान है।

# पतले है आपके बाल तो ट्राई करें ये हेयरस्टाइल, दिखेंगी स्टनिंग


हर दिन अपने लुक में एक चेंज लाने के लिए हम अक्सर तरह-तरह के हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं। यकीनन जब आप अपने हेयरस्टाइल को लेकर एक्सपेरिमेंटल होते हैं तो इससे आपका ओवरऑल लुक बदल जाता है। हालांकि, आपने नोटिस किया होगा कि एक ही हेयरस्टाइल किसी पर बहुत अच्छा लगता है तो किसी पर नहीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हम सभी का हेयर टाइप अलग है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम पहले अपने हेयर टाइप को समझें और फिर उसी के अनुसार बालों को स्टाइल करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पतले बालों के लिए कुछ बेहतरीन हेयरस्टाइल के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप भी ट्राई कर सकती हैं-

### मेसी टॉप नॉट

एक मेसी टॉप नॉट पतले बालों को घना दिखा सकता है। यह लूज हेयरस्टाइल बालों के अधिक घना होने का भ्रम पैदा करता है। इसे बनाने के लिए बालों को थोड़ा ऊपर की ओर लेकर उन्हें थोड़ा ऊपर की ओर मोड़ें, फिर उन्हें एक ढीले बन का लुक दें और पिन की मदद से फिक्स करें। कुछ बालों के स्ट्रैन्ड्स को ऐसे ही खुला रहने दें।

### वॉल्यूमिनस पोनीटेल

जब आप अपने क्राउन एरिया पर अतिरिक्त वॉल्यूम के साथ एक हाई पोनीटेल बनाते हैं ता इससे आपको एक फुलर लुक मिलता है। इसे बनाने के लिए सारे बालों को कॉम्ब करें। फिर अपने बालों को दो भागों ऊपर और नीचे में विभाजित करें। ऊपरी भाग को पोनीटेल में बांधें और निचले भाग को उसके नीचे बांधें। यह डबल पोनीटेल घने, लंबे बालों का भ्रम पैदा करती है। अंत में, वॉल्यूमाइजिंग स्प्रे का उपयोग करें।



### हाफ अप एंड डाउन हेयरस्टाइल

यह एक बेहद ही क्विक और ईजी हेयरस्टाइल है, जो पतले बालों पर काफी अच्छा लगता है। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले अपने बालों के ऊपरी आधे हिस्से को पीछे खींचें और इसे क्लिप या इलास्टिक से सुरक्षित करें। अपने बालों के बाकी हिस्सों को ऐसे ही खुला छोड़ दें।

### टेक्सचर्ड लो बन

एक लो, टेक्सचर्ड बन बालों में थिकनेस का भ्रम पैदा करते हैं, जिससे आपके पतले बाल भी काफी घने महसूस होते है। इस हेयरस्टाइल को बनाने के लिए आप बालों को जड़ों से बांधकर और उन्हें ढीला कर-के बन बनाएं, ताकि ज्यादा वॉल्यूम मिल सके।

# ताजी रोटी ही नहीं बल्कि बासी रोटी भी है गुणों का खजाना

हर भारतीय घर में रोटी और चावल मेन मील में जरूर शामिल होते हैं। इंडियन थाली बिना रोटी और चावल के पूरी नहीं होती है। फिर रोटी चाहे गेंहू के आटे की हो या मल्टीग्रेन आटे की। वैसे तो हम सभी के घरों में गर्मागर्म फूली हुई रोटी खाना पसंद किया जाता है। लेकिन कई बार रोटियां बच जाती हैं, जिनकी अन्य कई डिशेज बनाई जाती हैं। वहीं अधिकतर लोगों के मन में यह सवाल आता है कि बासी रोटी हमारी सेहत को तो नुकसान नहीं पहुंचाती है। या फिर बासी रोटी खाना सेहत के लिए अच्छा होता है। बता दें कि बहुत लोग बासी रोटी का सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बताते हैं। ऐसे में अगर आपके मन में भी यही सवाल है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ताजी या बासी रोटी में सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद क्या है।

### जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट

एक्सपर्ट की मानें तो ताजी रोटी की तुलना में बासी रोटी हमारी सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होती है। क्योंकि बासी रोटी में गुड बैक्टीरिया अधिक होते हैं। जो हमारी गट हेल्थ के लिए फायदेमंद बन जाती है।

बासी रोटी गुड बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करती है और इसके सेवन से डाइजेशन में सुधार होता है। हालांकि बासी रोटी डाइजेशन के लिए काफी खराब मानी जाती है, लेकिन इसका सेवन करना डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए अच्छा होता है। बासी रोटी खाने से पहले इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए कि यह ज्यादा बासी न हो। अगर आप 1-2 दिन पुरानी बासी रोटी खाते हैं, तो इससे आपके स्वास्थ्य के नुकसान हो सकता है। एक्सपर्ट के अनुसार, 10-12 घंटे पहले बनी रोटी का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि

इस रोटी में रेजिस्टेंस स्टार्च बढ़ जाता है और यह हमारी सेहत के लिए अच्छा होता है। डायबिटीज होने पर रेजिस्टेंस स्टार्च लाभकारी होता है। ऐसे में ब्लड शुगर लेवल स्पाइक नहीं होता है। इसके साथ ही बासी रोटी में विटामिन बी 12 की मात्रा अधिक होती है। इसलिए जिन लोगों में बिटामिन बी 12 की कमी है, उन्हें बासी रोटी का सेवन जरूर करना चाहिए। बासी रोटी के सेवन से वेट लॉस में भी मदद मिलती है। बहुत सारे लोग बासी रोटी को दही, दूध या घी के साथ खाते हैं। या फिर बासी रोटी से पोहा या अन्य रेसिपी बनाकर खाते हैं।



# घर में इधर-उधर फैले रहते हैं जूते-चप्पल तो करें व्यवस्थित

**कपड़ों** की तरह हर किसी के घर में जूते-चप्पल भी बहुत अधिक होते हैं। हम सभी अलग-अलग ओकेजन व आउटफिट के अनुसार फुटवियर खरीदते हैं। ऐसे में जब बहुत अधिक फुटवियर हो जाते हैं तो ऐसे में वे पूरे घर में इधर-उधर फैले रहते हैं। जिससे घर काफी मैसी लगता है। अमूमन लोग फुटवियर को रखने के लिए वार्डरोब का सहारा लेते हैं, लेकिन अगर आपका घर छोटा है तो ऐसे में फुटवियर के लिए अलग से वार्डरोब को स्पेस देना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। अब सवाल यह होता है कि कम स्पेसे में भी क्रिएटिव तरीके से फुटवियर को किस तरह आगेर्नाइज करें। इसके लिए आप कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-



### अंडर-बेड शू ड्रॉअर

यह एक स्मार्ट तरीका है घर में जूते-चप्पल आगेर्नाइज करने के लिए। इसके लिए आप बेड के नीचे स्लाइड करने के लिए डिजाइन किए गए फ्लैट ड्रॉअर या स्टोरेज बॉक्स का इस्तेमाल करें। इस तरह की ड्रॉअर ना केवल स्पेस बचाती है, बल्कि इससे जूतों को आप आसानी से ढूंढ सकते हैं। आप चाहें तो जूतों को जल्दी से ढूंढने के लिए कम्पार्टमेंट या पारदर्शी ढक्कन वाले बॉक्स चुनें।

### फ़्लोटिंग शेल्फ

फ़्लोटिंग शेल्फ की खास बात यह है कि इसमें वर्टिकल स्पेस का इस्तेमाल किया जाता है और जूतों को फर्श से दूर रखता है। जिससे आपका स्पेस काफी हद तक बचता है। इससे आप फुटवियर को एक अलग तरह से डिस्पले कर सकते हैं। दीवार पर लगी फ़्लोटिंग शेल्फ की ऊंचाई और चौड़ाई को आप आसानी से कस्टमाइज कर सकते हैं।

### शू पेगबोर्ड

इसमें आप जूते रखने के लिए खूंटे या अलमारियों के साथ दीवार पर लगा हुआ पेगबोर्ड इस्तेमाल कर सकते हैं। इस पर आप किसी भी तरह के जूतों को रख सकते हैं। यह जूतों को फर्श से दूर रखता है, जिससे जगह ज्यादा से ज्यादा बचती है। हालांकि, बड़े बूट या स्नीकर्स को फिट करने के लिए अलग-अलग खूंटे की व्यवस्था का इस्तेमाल करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं बल्कि हमारी भावना भी है: आयुक्त

मेट्रो रेज

**दुमका:** हिन्दी दिवस के अवसर पर शनिवार को उपराजधानी दुमका में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संताल परगना के प्रमंडलीय कार्यालय में राजभाषा विभाग की ओर से विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल ने दीप प्रज्वलित कर विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का उद्घाटन किया। आयुक्त के सचिव -सह- उप निदेशक, राजभाषा, संताल परगना प्रमण्डल, दुमका अमित कुमार ने स्वागत संबोधन किया। एसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव, सेवानिवृत प्राचार्या, सं०प० महाविद्यालय डॉ प्रमोदिनी हांसदा, सेवानिवृत समाहर्ता डॉ सीएन मिश्र सहित कई कवि और साहित्यकारों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर संथाल परगना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त



लालचंद डाडेल ने उपस्थित सभी अतिथियों को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत ही खास है, क्योंकि आज के दिन ही 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को भारत की राजभाषा बनाने का फैसला लिया था। हिन्दी दिवस मनाने का मकसद हिन्दी का प्रचार-प्रसार और दुनिया भर में हिन्दी को बढ़ावा देना तो है ही, साथ ही साथ आज विश्व के अलग-अलग देशों में रह रहे भारतीय लोगों को एक सूत्र में बांधना भी मकसद है। हिन्दी दिवस मनाने का राष्ट्रपति महात्मा गाँधी ने हिन्दी को जनमानस की भाषा कहा है। वह चाहते थे कि हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाया जाय। आज दुनिया की सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है और करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। एक भाषा के रूप में हिन्दी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि ये हमारे जीवन मूल्यों संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, सम्प्रेषक और परिचायक है।हिन्दी सिर्फ हमारी भाषा ही नहीं, बल्कि भावना भी है। आज हिन्दी भाषा के विकास के लिए यह आवश्यक है।

आयुक्त के सचिव-सह-उप निदेशक, राजभाषा, संताल परगना प्रमण्डल अमित कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हमारी राजभाषा हिन्दी, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मंचो में लोकप्रियता हासिल कर रही है। भारत सरकार द्वारा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए, साल 2006 में प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाने की घोषणा की गयी थी।

इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी हिंदी दिवस से संबंधित अपनी बात रखी तथा हिंदी भाषा को प्रमुखता से अपने जीवन में लाने हेतु बात की। मौके पर हिंदी भाषा के विकास एवं प्रसार में योगदान देने वाले साहित्यकारों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उप परिवहन आयुक्त संथाल परगना शैलेंद्र कुमार रजक, उप निदेशक जनसंपर्क रोहित कंडुलना सहित अन्य उपस्थित थे।

# लाखों की चोरी मामले का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

मेट्रो रेज

साहिबगंज/बरहरवाः थाना क्षेत्र के दुलुमपुर स्थित माही ऑटोमोबाइल व माही बिल्डिकॉम से बीते दिनों हुई लाखों की चोरी की घटना का बरहरवा थाना पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है,मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा थाना पुलिस ने घटना में संलिप्त एक अभियुक्त तेजामूल शेख पिता-इस्लाम शेख साकिन-जाफरटोला थाना राधानगर को सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया है,ज्ञात हो कि उक्त घटना में पुलिस ने घटनास्थल से दो गमछा,एक रॉड,एक पेचकश और एक सलाय रेंज बरमाद की थी,एवं तीन चोरों द्वारा किये गए पूरे घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गई थी जिसके बाद साहेबगज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर एसआईटी की




टीम का गठन किया गया था तत्पश्चात गठित टीम मामले की गहनता से जाँच में जुट गई तदोपरांत पुलिस को सफलता हाथ लगी है,बताते चले कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त तजामुल शेख ने स्वीकार करते हुए पुलिस द्वारा बरमाद किये गए गमछे की पहचान भी कर ली है जो तेजामुल शेख के ही है साथ ही उसकी निशानदेही पर पुलिस जगह जगह अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है,एसआईटी की टीम में बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा,बरहरवा पुलिस निरीक्षक सधीर कुमार पोद्दार,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,कुमार गौरव सहित अन्य शामील है,वहीं गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया ।

# लायंस क्लब ने किया जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण

मेट्रो रेज

**दुमकाः** लायंस क्लब दुमका स. प. के तत्वावधान में शनिवार को क्लब के सदस्यों ने जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। मौसम अनुकूल न होने पर भी बरसात में क्लब के सदस्यों में जरूरतमंदों की सेवा भाव का गजब का उत्साह दिखा। शनि मंदिर के आसपास, थाना रोड अस्पताल परिसर एवं अन्य जगहों में घूम घूम कर निःशुल्क भोजन जरूरतमंद लोग और मरीजों के बीच वितरण किया। लायंस क्लब की अध्यक्षा लायन डॉ अमिता रक्षित ने कहा क्लब के सभी सदस्य सामाजिक सेवा की भावना से बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जरूरतमंदों की बीच निरंतर सेवा दे रहे हैं। और उन्होंने कहा क्लब द्वारा इस तरह की सेवा लोगों के बीच लगातार दी जाएगी। क्लब के जन-संपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा ने कहा गरीबों और



जरूरतमंदों को सुस्वाद और ,पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाकर बहुत ही सुखद अनुभूति प्राप्त होती है। टखत्र लायन डॉ. अखिलेश कुमार सिन्हा ने कहा गरीबों की सेवा और उनकी मदद समर्पण की भावना से करना ही भगवान की सच्ची सेवा है। क्लब द्वारा इस तरह के आयोजन होने से लोगो में बेहद खुशी देखी गई और क्लब द्वारा इस तरह के आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित, लायन रमण कुमार वर्मा, एमजेएफ लायन डॉ.अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन सुनील कुमार साहा, लायन चन्दन कुमार साह, लायन अमूलय पाल के अलावे अनेक संख्या में जरूरतमंद, रोगी उनके परिजन एवं क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षण विषय को लेकर आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

मेट्रो रेज

**बासुकीनाथः** गोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी द्वारा जरमुंडी प्रखण्ड अन्तर्गत चमराबहियार पंचायत के ग्राम बेदिया में पर्यवरण संरक्षण विषय को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में बैसी के पूर्व सचिव सुलेमान मरांडी ने खरबिला एवं चमराबहियार पंचायत के विभिन्न गांव से आए सामुदायिक नेताओं को बिगड़ते पर्यावरण के दुष्प्रभाव



की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दूषित पर्यावरण ने हमारे स्वास्थ्य को एवं जीवन जीने की आयु को प्रभावित किया है जो एक गंभीर चिंता का विषय है. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से इस विषम परिस्थिति का सामना करने के लिए मिलकर एक साथ आगे आने के लिए अनुरोध किया एवं सबों को ज्यादे से ज्यादे पेड़ लगाने की अनुरोध किया गया। साथ ही अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने एवं खेती में जैविक खाद का उपयोग करने का शपथ दिलाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राम हेम्ब्रम, सनातन टुडू, दिलीप टुडू, रामबाबू बास्की, दिलीप किस्कू, सुलेमान सोरेन ,नेपाल बास्की, आनन्द हांसदा सुनीता सोरेन, सोनामुनी बेसरा, सुहागिनी मुर्मू उपस्थित थे।

## कर्मा पूजा जुलूस में डीजे बजाने को लेकर दो समुदाय आपस में भिड़े

साहिबगंज/उधवाः थाना क्षेत्र अंतर्गत राधानगर ज्योत्सना मोड़ के पास शनिवार की शाम को कर्मा पूजा जुलूस में लाउडस्पीकर बजाने को लेकर दो समुदायों में तनावपूर्ण उत्पन्न हो गया। जिससे माहौल धीरे धीरे बिगड़ गया। जिससे दोनों समुदायों के बीच हाथापाई भी हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों समुदायों से पत्थरबाजी भी हुई है। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोगों की घायल होने की सूचना मिली है। हालाकी घटनास्थल बरहरवा व राधानगर थाना क्षेत्र होने के कारण घटना की सूचना पाकर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन की। क्या है मामलाः सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भावानंदपुर कर्मा पूजा समिति का जुलूस डीजे के साथ जुलूस निकाला गया था। जुलूस राधानगर थाना अंतर्गत राधानगर ज्योत्सना मोड़ के पास पहुंचा। इसी दौरान एक विशेष समुदाय के लोगों और पूजा समिति के बीच कहासुनी हो गई। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। उधर घटना की सूचना बरहरवा व राधनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर दोनों थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला को किसी तरह शांत करवाया।

शांति समिति की बैठक

# आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से मनाये त्योहार : थाना प्रभारी

- **त्योहारों के जुलूस में नहीं होगा डीजे बाजे का प्रयोग**

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवाः** बरहरवा थाना परिसर में संध्या 4:00 बजे ईद ए मिलाद उन नबी एवं आगामी विश्वकर्मा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक समिति के सदस्यों के उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने की बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्व त्यौहारों के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने एवं सरकारी गाइडलाइन के निदेर्शों का शांतिपूर्ण ढंग से पालन करना है। उक्त बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सर्वसहमति से निर्णय लिया गया।प्रस्ताव संख्या 01 ईद ए मिलाद उन नबी का पर्व 16 सितंबर 2024 को मनाया जाएगा। पर्व के दिन बरहरवा बड़ी



मस्जिद से दिन 9:30 पर लगभग 300 की संख्या में मुस्लिम समुदाय के अनुयायियों द्वारा जुलूस बड़वा के शहरी क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। जिसके लिए पूर्व से निश्चित रूप चार्ट तैयार कर दोपहर 2:00 तक विसर्जित की जाएगी जुलूस में केवल धार्मिक पता का और दो टोटो शामिल रहेंगे।किसी भी त्योहारों के जुलूस में झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में यह भी निर्णय लिया गया कि जुलूस में डीजे का प्रयोग पूर्णत वर्जित रहेगाऔर ईद-ए-मिलाद हेतु प्रस्तावित जुलूस की अगुवाई मौलाना नजरुल इस्लाम मस्तान के द्वारा की जाएगी। जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की जगह-जगह प्रतिनियुक्ति थाना प्रभारी के निर्देश पर की जाएगी बरहरवा नगर में कहीं भी सार्वजनिक कमेटी द्वारा पंडाल बनाकर विश्वकर्मा पूजन का आयोजन नहीं होता है सभी मोटर गैरेज,औद्योगिक संस्थान,रेलवे कैंपस में टेक्निकल स्टाफ द्वारा रेल कैंपस में विश्वकर्मा पूजन का आयोजन होता है परंतु विश्वकर्मा पूजन के दूसरे दिन ही अपने-अपने क्षेत्र के नजदीकी तालाब में साधारण एवं सीमित संख्या में लोग सम्म्मलित विसर्जन किया जाता है जिसके अनुरूपपालन किया जाएगा। ईद ए मिलाद एवं विश्वकर्मा पूजन के दौरान कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक या भ्रामक टीका टिप्पणी या पोस्ट नहीं करेंगे यदि कोई इस प्रकार की धमक या आपत्तिजनक पोस्ट देखी गई तो स्थानीय प्रशासन सख्त कार्रवाई करेग, सभी धर्म संप्रदाय एवं वर्ग के लोगों से अपील की गई की सभी पर्व एवं त्यौहार में आप सी सौहार्द प्रेमभाव एवं सद्भावना को कायम रखेंगे किसी भी प्रकार की दुर्भावना पूर्ण घटना की जानकारी मिलती है तो तत्काल प्रशासन से साझा करेंगे,इस दौरान थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने कहा कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाएँ,पुलिस प्रसाशन 24 घंटे समाज के सहयोग के लिए तैयार है। मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, पु.अ.नि कवीन्द्र मिश्रा,पु.अ.नि.जुमराती अंसारी पु.अ.नि.अमित कच्छप,एएसआई रामानुज यादव,एएसआई सुबोध यादव,एएसआई सिदाम रवि दास,वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता, दिलीप डोकानिया,राजकुमार भगत,सुशील मिश्रा,धर्मवीर कुमार महतो,अमित कुमार सहित अन्य सदस्यगण व स्थानीय पत्रकारगण उपस्थित रहे।

न्यूज IN ब्रीफ

## झारखंड बनने के बाद पिछड़े वर्गों का किसी भी राजनीतिक दल ने परवाह नहीं की: वरुण यादव



**जामा/मेट्रो रेज :** जामा प्रखंड के अंतर्गत करबानी चौक में शनिवार को झारखंड पिछड़ा मोर्चा के बैनर तले संयोजक मंडली के निर्माण बैठक इंद्रकांत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड पिछड़ा मोर्चा के संयोजक जिप उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल एवं प्रमंडलीय अध्यक्ष वरुण यादव उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए वरूण यादव ने कहा कि इन 24 वर्षों में झारखंड राज्य में बारी -बारी एनडीए, यूपीए ने सरकार बनाई परंतु पिछड़ा वर्ग का किसी भी राजनैतिक दल ने सुधि तक नहीं ली। एकीकृत बिहार के समय में हम पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था परंतु राज्य अलग होते ही झारखंड में पिछड़ी जातियों का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया एवं जिला रोस्टर में दुमका सहित 7 जिला में पिछड़ी जाति का आरक्षण शून्य कर दिया गया जो बहुत ही दुर्भाग्य की बात है यदि विधानसभा चुनाव के पूर्व पिछड़े वर्गों के हित में आरक्षण का लाभ की घोषणा सरकार द्वारा नहीं किया जाएगा तो पिछड़ा वर्ग समाज वोट बहिष्कार को लेकर विचार कर सकते हैं। वहीं सुधीर कुमार मंडल ने कहा कि एकता में ही मजबूती हैं उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया और सभी से सुझाव लेकर संगठन में अम्ल करने का संकल्प लिया। इस मौके पर कामदेव यादव, मुन्ना यादव, बिरेन्द्र कुमार, वंशी राय, शंकर यादव, रामयश कुमार, विजय कुमार मंडल, राजेश खिरहर, कुंदन यादव,जितेन्द्र प्रसाद साह, संजय जयसवाल, राधेश्याम प्रसाद साह, संजय मंडल, रामप्रसाद राय, रामप्रवेश यादव, अरबिंद कुमार, बीरबल कुमार, सागर कुमार गुप्ता, भवानी महतो, संजय मंडल, अलिफ अंसारी, जितलाल मांझी, लंबोदर पंजियारा, प्रदीप कुमार व अन्य मौजूद थे।

## विवाहिता ने मारपीट एवं छेड़खानी का लगाया आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने थाना पुलिस को आवेदन देकर मारपीट एवं छेड़खानी को लेकर पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। मामले को लेकर पुलिस ने पीड़िता के बयान पर पांच लोगों के विरुद्ध प्रथिमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के दक्षिण पियारपुर पंचायत के चंदा परवीन ने थाना पुलिस को आवेदन देकर आरोप लगाई है कि बीते 4 सितंबर को समय करीब 9 बजे अपने जमीन में मकान निर्माण करा रही थी। गांव के ही जेसार अली, शरीफ शेख, जाकिर हुसैन, समसुल हुसैन ने एकमत होकर हारवे हथियार से लैस होकर घर में घुसकर महिला एवं उसके पति के साथ मारपीट किया और बच्चा को जमीन में पटक दिया। उपरोक्त आरोपी कहने लगे कि रास्ता छोड़कर मकान दो। जबकि रास्ता छोड़कर मकान का निर्माण किया जा रहा है। उक्त आरोपियों के द्वारा गलत नियत से छेड़खानी का प्रयास किया गया है। महिला के गले से डेढ़ भरी सोने का माला भी छीन लिया है। मकान का सारा सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया है। उक्त आरोपियों के द्वारा धमकी दी गई है कि मकान निर्माण करने से जान से मार देंगे। वही पीड़िता ने मुखिया सैदूल रहमान पर भी गंदी- गंदी गाली गलौज देने एवं दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाई है। राधानगर पुलिस ने पीड़िता के बयान पर थाना कांड संख्या 147/24 के तहत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## वाहन चालकों और दुकानदारों की मनमानी जाम की समस्याओं से लोग परेशान

**पलामू :** मेदिनीनगर में लोग जाम की समस्या से परेशान है. रेड़मा चौक, कचहरी परिसर, छ मुहान चौक, सादिक चौक और थाना रोड में लोगों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। घंटों सड़क जाम होने की वजह से कोई समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो कोई ऑफिस और स्कूल नहीं लेट से पहुंच रहे हैं। जिम्मेदार भी जाम की समस्या से निजात दिलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जाम लगने की सबसे बड़ी वजह बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश, सड़क पर खड़ी बेतरतीब गाड़ियां और दुकानदारों का अतिक्रमण है। कभी-कभी तो जाम हटाने में पुलिसकर्मियों के भी पसीने छूट जाते हैं, लेकिन फिर भी जाम नहीं हटा पाता है। या यूं कहे कि जाम से निजात दिलाने में पूरी सिस्टम नाकाम साबित हो रही है। शहर की यातायात व्यवस्था को ऑटो, चार पहिया और बस चालकों ने ठेंगे पर रखा है। उन्हें ना तो यातायात पुलिस का डर है और ना ही आमजनों की परेशानी से कोई मतलब है। ये शहर के चौक-चौराहों मुख्य पथों पर ट्रैफिक नियमों को दरकिनार करते हुए बेतरतीब तरीके से वाहनों को जगह-जगह पर रोककर यात्री चढ़ाते उतारते हैं। इनकी मनमानी रेड़मा चौक से छः मुहान और बस स्टैंड तक देखा जा सकता है। इस दौरान यातायात व्यवस्था के नाम पर तैनात ट्रैफिक पुलिस भी मजबूर बेबस नजर आती है। शहर में वाहनों की पार्किंग के लिए भी उचित प्रबंध नहीं किये गये हैं। इस वजह से लोगों को जहां मन करता है, वहां वाहन खड़ी कर देते हैं। सबसे अधिक जाम शहर और कचहरी परिसर में लगता है। कारण, लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ी कर अपने कार्य करने लगते हैं। जिसके कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। शहर के रेड़मा, कचहरी और शहर के चौराहे से लेकर मुख्य बाजार की सड़कों पर दुकानदारों ने सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है। जिसकी वजह से भी यहां जाम की समस्या होती है। किसी ने स्थायी तो किसी ने अस्थायी दुकान सड़क के फुटपाथ पर लगा रखी है। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम व स्थानीय पुलिस की ओर से समय-समय पर अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन यह नाकाम साबित हो रहा है। इसका कारण है कि जब अभियान चलता है तो वे दुकानें हटा लेते हैं। बाद में फिर से वहीं दुकानें लगाने लगते हैं। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाया जायेगा, तभी इससे निजात मिल पायेगा। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि शहर में जाम से निजात कैसे मिले, इसको लेकर हाल के दिनों में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी हैं। अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाया जा रहा है। जाम की समस्या दूर हो, इसके लिए स्थायी हल ढूंढा जा रहा है। जल्द शहर में जाम से निजात मिलेगी ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है। साथ ही शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने में सभी के सहयोग की अपील की है।

# देवरा: पार्ट 1 का बॉलीवुड से है खास कनेक्शन, एनटीआर और की जबरदस्त केमिस्ट्री

**जूनियर** एनटीआर और जान्हवी कपूर की देवरा पार्ट 1 की एक झलक ने ही फैंस को दीवाना कर दिया था। फिल्म को लेकर इस वक्त फैंस काफी ज्यादा एक्साइडिट है। वह आरआरआर के बाद से ही जूनियर एनटीआर की वापसी का भी इंतजार कर रहे हैं।
फिलहाल जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की देवरा रिलीज के लिए तैयार है। तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा फिल्म देवराः पार्ट 1 वैश्विक घटना पर प्रभाव डालने के लिए पूरी तरह तैयार है। 27 सितंबर को दुनिया भर में सिल्वर स्क्रीन पर आने वाली यह फिल्म, अमेरिका के लॉस एंजिल्स में प्रतिष्ठित बियॉन्ड फेस्ट 2024 में प्रीमियर होगी। कोरटाला शिवा द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 26 सितंबर को हॉलीवुड के प्रसिद्ध मिस्र के थिएटर में दिखाई जाएगी। यह कार्यक्रम शहर के सबसे अधिक भाग लेने वाले शैली के फिल्म समारोह में फिल्म की पहली प्रस्तुति होगी।

**देवरा के ट्रेलर से ही फिल्म के दीवाने हुए फैंस**

हाल ही में रिलीज़ हुए ट्रेलर ने पहले ही प्रशंसकों और सिनेमा प्रेमियों दोनों से अनुकूल प्रतिक्रियाएँ प्राप्त की हैं, जिसे यूट्यूब पर छह मिलियन से अधिक बार देखा गया है। देवराः पार्ट 1 को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म ने अपनी सेंसर समीक्षा को पूरा कर लिया है और फिल्म की रिलीज में कोई रुकावट भी नहीं है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) से चार अनुशंसित कट के साथ UA प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इन कटों में मुख्य रूप से हिंसक दृश्यों को शामिल किया गया था, जबकि एक बदलाव में शार्क के दृश्य के लिए CGI प्रभाव को शामिल करना आवश्यक था। कुछ मामूली कट के बाद फिल्म की रिलीज पूरी तरह से तैयार है।

**जूनियर एनटीआर की फिल्म का बॉलीवुड के खास कनेक्शन**

आपको बता दें कि जिस तरह से साउथ की फिल्में बड़े पर्दे पर धमाल मचा रही हैं ऐसे में कई बड़े सितारों में भी साउथ की फिल्मों में अपना हाथ आजमाया है। देवरा भी इसी का उदाहरण हैं। जूनियर एनटीआर के अलावा, देवर के कलाकारों में सैफ अली खान और जान्हवी कपूर जैसे प्रमुख बॉलीवुड हस्तियां शामिल हैं, जो तेलुगु में अपनी शुरुआत कर रही हैं। नंदमुरी कल्याण राम, मिक्कीलिनेनी सुधाकर और कोसाराजू हरि कृष्ण द्वारा वित्तपोषित, एक्शन थ्रिलर 300 करोड़ रुपये के कथित बजट पर बनी है और अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित एक आकर्षक साउंडट्रैक दिखाती है।

**कट को लेकर मेकर्स ने सेंसर को दिया जवाब**

निर्माताओं ने सेंसरशिप आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए प्रस्तावित संशोधनों में मामूली समायोजन किए, जबकि प्रभावित दृश्यों के सार और प्रभाव को संरक्षित किया। अब, फिल्म की संशोधित अवधि लगभग 177 मिनट और 58 सेकंड है, जो लगभग दो घंटे और 57 मिनट के बराबर है।
इसके अतिरिक्त, फिल्म ने पहले ही प्री-सेल के माध्यम से उत्तरी अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर 1 मिलियन का मील का पत्थर पार कर लिया है, जिससे यह अपने ट्रेलर की रिलीज़ से पहले यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय प्रोडक्शन बन गई है। प्रभावशाली प्री-सेल्स आंकड़े जूनियर एनटीआर के वफादार प्रशंसक आधार को उजागर करते हैं, जो फिल्म आरआरआर की अंतर्राष्ट्रीय सफलता के बाद काफी बढ़ गया है।



## करीना कपूर स्टारर 'द बकिंघम मर्डर्स' की निराशाजनक शुरुआत



**करीना** कपूर खान स्टारर 'द बकिंघम मर्डर्स' 13 सितंबर को रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म देशभर में सीमित स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। देशभर में पहले दिन फिल्म के सिर्फ 1300 शो हुए। इस फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है। इस फिल्म ने पहले दिन कितनी कमाई की इसकी जानकारी सामने आ गई है।
करीना कपूर खान स्टारर 'द बकिंघम मर्डर्स' पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के शुरुआती अनुमान के मुताबिक, फिल्म ने शुक्रवार को सिर्फ 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। यह क्राइम थ्रिलर 13 सितंबर को रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म ने अच्छी कमाई नहीं की, लेकिन समीक्षकों ने करीना कपूर की परफॉर्मेंस की तारीफ की है। 2024 में यह उनकी दूसरी फिल्म है। 'क्रू' के बाद इस साल वह 'द बकिंघम मर्डर्स' में दूसरी बार दर्शकों के सामने आई हैं।करीना कपूर, कृति सेनन, तब्बू की फिल्म 'क्रू' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। फिल्म ने देशभर में 157 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके बाद उनकी फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। हालांकि फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन बहुत अच्छा नहीं है, लेकिन इस हफ्ते कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं होने से ऐसी संभावना है कि करीना कपूर की क्राइम थ्रिलर का कलेक्शन वीकेंड में बढ़ सकता है।

## सोहम शाह ने 'तुम्बाड 2' का किया ऐलान



**सोहम** शाह फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस 'तुम्बाड' 6 साल बाद सिनेमाघरों में वापस आ गई है। ऐसे में फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और ज्यादा बढ़ाते हुए मेकर्स ने अब इसके सीक्वल तुम्बाड 2 की घोषणा कर दी है। 'तुम्बाड' की री-रिलीज ने इस फैंटेसी फिल्म के जादू को वापस ला दिया है और पहले दिन की कमाई के साथ ही इसने नए रिकॉर्ड सेट किए हैं। देश भर में लोगों ने उत्साह के साथ फिल्म का स्वागत किया है, जिससे इसकी री-रिलीज एक बड़ी हिट बन गई है। एक ड्रामेटिक वीडियो के जरिए 'तुम्बाड 2' की घोषणा की जाती है। वीडियो की शुरुआत विनायक और उसके बेटे पांडुरंग से होती है, जिसमें सोहम शाह की आवाज एक रहस्यमय चेतावनी देती हुई सुनाई देती है। ₹समय का पहिया गोल है, जो बीत गया वो फिर लौट के आएगा... दरवाज़ा भी एक बार फिर खुलेगा।" टीजर के आखिर में 'प्रलय, प्रलय फिर आएगा' शब्द सुनाई देते हैं, जो आने वाले सीक्वल की भव्यता की ओर इशारा करते हैं। फिल्म के एक्टर और प्रोड्यूसर सोहम शाह ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा है, 'तुम्बाड हमारे लिए एक खास और प्यार भरा प्रोजेक्ट रहा है। फिल्म के लिए लगातार मिल रहे प्यार को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है और यह सोहम शाह फिल्म्स में हमारे इस विश्वास को मजबूत करता है कि अच्छा कंटेंट ही किंग है। तुम्बाड 2 के साथ, हम सिनेमाई अनुभव और सीमाओं को और भी आगे ले जाना चाहते हैं। तुम्बाड 2 दर्शकों को हमारी बनाई दुनिया में और भी गहराई से ले जाएगा, जिसमें बड़े ट्विस्ट और ज्यादा नजदीक से चीजे देखी जाएंगी, यह बताते हुए की जब लालच की कोई सीमा नहीं होती है तो क्या होता है। फैंस तुम्बाड 2 का बेसब्री से इंतजार कर सकते हैं, जिसमें वह कल्पना और लोककथा पर बनी दुनिया में और गहराई से उतर पाएंगे, जिसने पहली फिल्म को इतना पॉपुलर बनाया है। सीक्वल में आने वाले तूफान का संकेत देते हुए, मेकर्स एक और बेहद रोमांचक कहानी का वादा करते हैं, जो तुम्बाड की अंधेरी, पौराणिक दुनिया में एक बार फिर लेकर जाएगा।

## फिल्म युधरा के लिए सिद्धांत ने की कड़ी मेहनत, घटाया 20 किलो वजन




**बॉलीवुड** एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपकमिंग फिल्म युधरा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म युधरा 20 सितंबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में एक्ट्रेस मालविका मोहनन और सिद्धांत चतुर्वेदी की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। इस फिल्म के लिए दोनों ने काफी मेहनत की है। सिद्धांत ने फिल्म युधरा के लिए 20 किलो वजन कम करके अपना ट्रांसफॉर्मेशन किया है।
इस फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने काफी मेहनत की है। सिद्धांत के ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर निर्देशक उदयवर ने बड़ा खुलासा किया है। युधरा के निर्देशक रवि उदयवार ने फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी की कड़ी मेहनत के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि सिद्धांत को अपने किरदार में पूरी तरह फिट बैठने के लिए वजन कम करना पड़ा, जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और 20 किलो वजन कम किया।

**सिद्धांत-मालविका की युधरा की चर्चा**

एक्ट्रेस मालविका मोहनन साउथ फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। मालविका मोहनन ने कई मलयालम और तमिल फिल्मों में काम किया है। उन्होंने पहली बार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' से कदम रखा था। अब एक बार फिर वह फिल्म युधरा से बॉलीवुड फैंस का दिल जीतने के लिए तैयार हैं।

**सिद्धांत-मालविका के इंटीमेट सीन**

इस फिल्म में मालविका मोहनन और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की केमिस्ट्री शानदार होगी। इस फिल्म का पहला गाना साथिया कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ था। इस गाने में सिद्धांत और मालविका की केमिस्ट्री और इंटीमेट सीन्स ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। मालविका ने सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ अपनी केमिस्ट्री के बारे में बात की और कहा कि अंतरंग दृश्यों की शूटिंग करना आसान काम नहीं है।

## डायमंड लीग फाइनल में 1 सेंटीमीटर से चूके नीरज चोपड़ा, दूसरे स्थान पर रहे

**नई दिल्ली :** ब्रसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 87.86 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। वे इस प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहे। इस बार वे खिताब हासिल करने में महज एक सेंटीमीटर से चूक गए। प्रतियोगिता के विजेता एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर थ्रो किया। दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के पीटर्स ने पहले ही प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। टोकियो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा ने पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।



## केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अपने आईएसएल अभियान की शुरुआत करेगा पंजाब एफसी

एजेंसी



**कोच्चि :** पंजाब एफसी (पीएफसी) की टीम अपना 2024-25 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन रविवार को केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ शुरू करेगी, जो यहाँ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। क्लब नए मुख्य कोच पानागियोटिस डिलमपेरिस के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा और पिछले साल घरेलू टीम के खिलाफ अपनी शानदार 3-1 की जीत को दोहराने और जीत के साथ सीजन की शुरुआत करने की कोशिश करेगा। दोनों टीमें इस सीजन की शुरुआत में डूरंड कप के ग्रुप स्टेज में मिली थीं और कोलकाता में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में 1-1 की बराबरी पर रहीं, जिसमें लुका मैजसेन और मोहम्मद आयमन ने गोल किए थे। केरला ब्लास्टर्स भी नए मुख्य कोच मिकेल स्टारे के नेतृत्व में होंगी और अपने उत्साही फैंस के सामने लीग सीजन की शानदार शुरुआत करने की उम्मीद करेंगी। अपने पहले आईएसएल मैच से पहले, पीएफसी के मुख्य कोच पानागियोटिस डिलमपेरिस ने पिछले सीजन की तुलना में क्लब में आए बदलावों के बारे में कहा, 'हमारे पिछले साल के डेब्यू सीजन से कई चीजें बदल गई हैं। हमारे पास नया कोचिंग स्टाफ है, नए विदेशी और भारतीय खिलाड़ी हैं, और यही सबसे बड़ा अंतर है। इस सीजन में हम पिछले साल के प्रदर्शन से बेहतर करने की कोशिश करेंगे और प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई करेंगे। लुका मैजसेन एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्हें पिछले सीजन से बरकरार रखा गया है, और उनके साथ इवान नोवोसलेक, मुशागा बाकेंगा, एज़ेक्विल विदाल, अस्मिर सुल्जिक और फिलिप मर्ज़ल्जाक जैसे नए विदेशी खिलाड़ी टीम में शामिल हुए हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनीत राय सबसे प्रमुख भारतीय साइनिंग हैं और मिडफ़ील्ड में टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डिलमपेरिस ने आगे कहा, 'यह सीजन की शुरुआत है और कल का मैच डूरंड कप में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले से बहुत अलग होगा। हमारे पास एक बहुत अच्छा और लंबा प्री-सीजन था और खिलाड़ियों ने अच्छी ट्रेनिंग की है। हमें सीजन की अच्छी शुरुआत करनी है और मुझे उम्मीद है कि कल का मैच शानदार होगा और हम तीन अंक लेकर लौटेंगे। पीएफसी के मिडफील्डर निखिल प्रभु ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमने इस सीजन की शुरुआत डूरंड कप के साथ बहुत अच्छी की है। हम इस सीजन में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमारे पास इस सीजन के लिए एक अलग योजना है, जिसमें हम अधिक समय तक गेंद को अपने पास रखेंगे और मैच में बढ़त बनाएंगे। हमने इस खेलने के तरीके के अनुकूल होने के लिए अच्छी ट्रेनिंग की है और हम धीरे-धीरे अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे।

### बिग बॉस 18 की थीम को लेकर मेकर्स की है जबरदस्त प्लानिंग

## सलमान खान के शो में इस तरह का बदलाव करने की तैयारी

**बिग बॉस** 18 का बेसब्री से इंतज़ार किया जा रहा है क्योंकि प्रशंसक लोकप्रिय रियलिटी टीवी शो के एक और रोमांचक सीज़न के लिए कमर कस रहे हैं। इस बार बिग बटस ओटीटी न3 ने काफी धमाल मयाचा लोगों को शो ने काफी एंजोय भी कराया। अब मेक्रस चाहते हैं कि बिग बॉस 18, ओटीटी से भी ज्यादा पॉपुलर हो जाए। इसके लिए काफी ज्यादा तैयारियां की गयी है। शो के पर्याय बन चुके सलमान खान द्वारा होस्ट किया जा रहा यह सीज़न कई सरप्राइज़ के साथ एक अनोखा अनुभव होने का वादा करता है। माना जा रहा है कि इस बार अतीत, वर्तमान और भविष्य वाली थीम भी शामिल है। हालाँकि आधिकारिक विवरण अभी भी गुप्त हैं, लेकिन लीक हुई जानकारी और अटकलें प्रशंसकों को उत्साहित रखने के लिए पर्याप्त हैं। इस सीजन को भी सलमान खान होस्ट करने वाले हैं और फैंस अपनी एक्साइटमेंट को कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 का समापन कुछ दिन पहले ही हुआ है। इस सीजन की विनर सना मकबूल रहीं। वहीं, बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारूकी रहे। अब अपकमिंग सीजन को लेकर भी अपडेट आने शुरू हो गए हैं। ऐसा लग रहा है कि शो में खूब हंगामा होने वाला है। हालांकि, कंटेस्टेंट की फाइनल लिस्ट अभी सामने नहीं आई है।
बिग बॉस 18 की थीम वायरल अब खबर आ रही है कि इस बार बिग बॉस में अनोखा कॉन्सेप्ट देखने को मिलेगा। खबरों की मानें तो इस बार बिग बॉस की थीम 'टाइम ट्रैवल' रखी गई है। इसके मुताबिक, इस सीजन में आपको कई पुराने कंटेस्टेंट, पुराने टास्क और यहां तक कि शो के पिछले सीजन में हुई सिचुएशन भी देखने को मिल सकती हैं। आने वाला सीजन काफी मजेदार होने वाला है और इसमें आपको कई ट्विस्ट और टर्न देखने को मिलेंगे। शो अक्टूबर के पहले हफ्ते से शुरू हो सकता है। फिलहाल फैंस इसके आधिकारिक ऐलान का इंतजार कर रहे हैं। बिग बॉस खबरी के ट्वीट में लिखा है, बिग बॉस 18 में टाइम ट्रैवल का कॉन्सेप्ट हो सकता है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक क्रिएटिव टीम पिछले सीजन के पुराने टास्क, कंटेस्टेंट या सिचुएशन को वापस ला सकती है।




**बिग बॉस 18 कंटेस्टेंट लिस्ट**

बिग बॉस के लेटेस्ट एडिशन में आप मुनव्वर फारूकी को पुराने कंटेस्टेंट के तौर पर देख सकते हैं। कॉमेडियन लाफ्टर शेफ में आए थे, जहां विक्की जैन को यह कहते हुए देखा गया कि मुन्ना 5 तारीख को बिग बॉस में आ रहे हैं। यह सुनते ही मुनव्वर उन्हें टोकते भी नजर आए। अगर ऐसा होता है तो शो में जबरदस्त मस्ती होने वाली है। कंटेस्टेंट की बात करें तो फैजल शेख (मिस्टर फैसू), एक्टर सुनील कुमार, पॉपुलर टीवी एक्टर धीरज धूपर और सुरभि ज्योति ने रियलिटी शो के लिए हां कह दिया है। इसके अलावा मीरा देओस्थले, जान खान, अंजलि आनंद और समीरा रेड्डी जैसे सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं।

### रातों रात 'न्यू नेशनल क्रश' बनने वाली तृप्ति डिमरी की चमकी किस्मत

## बॉलीवुड इंडस्ट्री के इस सुपरस्टार के साथ करने जा रही है काम



**रणबीर** कपूर की फिल्म एनिमल ने तृप्ति डिमरी को रातों रात शुमार कर दिया। तृप्ति डिमरी एक अच्छी एक्ट्रेस रही हैं। उन्होंने बुलबुल, लैला मजनूँ जैसी कई फिल्में की है जिसमें उनके किरदार की तारीफ की गयी है लेकिन एक्टिंग से ज्यादा लोगों को उनकी खूबसूरती पसंद आयी। तृप्ति डिमरी फिलहाल काफी बिजी है। वह एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। फिलहाल वह राजकुमार राव के साथ जल्द ही सिनेमाघरों में नजर आने वाली हैं। अब इसके साथ ही तृप्ति डिमरी से जुड़ी एक और खबर आ रही हैं। खबरें है कि तृप्ति डिमरी शाहिद कपूर के साथ नजर आने वाली हैं। 'न्यू नेशनल क्रश' तृप्ति डिमरी इस समय सातवें आसमान पर हैं। पिछले साल रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की रिलीज के तुरंत बाद, वह आज बॉलीवुड की सबसे व्यस्त अभिनेत्रियों में से एक हैं। इस साल, वह पहले ही विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज़ में नज़र आ चुकी हैं और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर व्यावसायिक रूप से सफल रही। फिल्म समीक्षक और ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श द्वारा की गई एक हालिया घोषणा के अनुसार, तृप्ति डिमरी, विशाल भारद्वाज की अगली एक्शन फिल्म में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के लिए तैयार हैं। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला करेंगे और अभी तक शीर्षक नहीं दिए गए इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।

# हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराना संवेदनशील सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर समस्या का निराकरण कराया जाएगा। हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते रहे कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इसमें किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

रविवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया। जनता दर्शन में आए लोगों को हमेशा की तरह कुर्सियों पर बैठाया गया था।



इन लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी की भी जमीन पर कब्जा नहीं होना चाहिए। यदि कोई दबंग या भू माफिया ऐसी हिमाकत कर रहा हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। सीएम योगी ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति ही मानक होनी चाहिए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पटना: होटल मारवाड़ी वासा में लगी आग

**पटना :** पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मारवाड़ी आवास गृह की बिल्डिंग में रविवार सुबह आग लग गयी। धुएं का गुबार देख इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। आग लगने की सूचना पर आधा दर्जन दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुटी है। फ्रेजर रोड स्थित होटल मारवाड़ी वासा में लगी आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल विभाग की पांच गाड़ियां पहुंची हैं। धुएं के गुबार की वजह से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी परेशानी हो रही है। घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग होटल के गोदाम में लगी, जहां काफी संख्या में फर्नीचर सहित दूसरे सामान रखे गए थे। जिस वजह से आग काफी तेजी से फैली।

### एक बार फिर साइबर क्राइम का शिकार हुई सौरभ गांगुली की पत्नी डोना

**कोलकाता :** सौरभ गांगुली की पत्नी डोना गांगुली एक बार फिर साइबर क्राइम की शिकार हुई हैं।डोना गांगुली का फेसबुक अकाउंट हैक करने की घटना रविवार को सामने आई है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक डोना की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी। सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात डोना गांगुली के आधिकारिक फेसबुक प्रोफाइल पर एक अन्य अज्ञात युवक की तस्वीर दिखाई दी। इसके अलावा विदेशी भाषाओं के सन्देश (मैसेज) एक के बाद एक अंग्रेजी अक्षरों में आने लगे। जिनमें से एक सन्देश में इराक की राजधानी बगदाद का जिक्र है।, इस घटना के बाद, उनके फैंस को बार-बार साइबर क्राइम का शिकार होने का डर सता रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 28 जून को डोना गांगुली के फेसबुक हैक होने की खबर सामने आई थी। उस समय उन्होंने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल से अपने फेसबुक प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा था कि यह अकाउंट मेरे कंट्रोल में नहीं है। हैक कर लिया गया है। मैं इसकी किसी भी गतिविधि से जुड़ी नहीं हूं। इसलिए सभी लोग सावधान रहें।'

### मुख्यमंत्री साय 15 को मध्य प्रदेश व गुजरात के दौरे पर रहेंगे

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को मध्य प्रदेश व गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे उज्जैन में मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे उज्जैन से अहमदाबाद (गुजरात) के लिए रवाना होंगे और गांधीनगर में रात्रि विश्राम करेंगे। 16 सितंबर को सुबह 10 बजे, वे ग्लोबल रेनवल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो के कार्यक्रम में भाग लेंगे। 16 सितंबर को शाम 5.30 बजे मुख्यमंत्री साय रायपुर लौटेंगे।

### चेतावनी : प्रस्ताव न माने तो अखाड़ा परिषद में रहने पर विचार करेगा आवाह्न अखाड़ा

**हरिद्वार :** श्रीपंच दशनाम आवाह्न अखाड़े के श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने अखाड़े की आगामी बैठक में आवाह्न अखाड़े के प्रस्तावों पर गौर न करने पर अखाड़ा परिषद के साथ बने रहने पर विचार करने की चेतावनी दी है। श्रीमंहत गोपाल गिरि ने कहा कि अखाड़ा परिषद में आवाह्न, आनन्द आदि अखाड़ों की उपेक्षा होती रही है। इसके बावजूद आवाह्न अखाड़ा जूना और उसकी समर्थित अखाड़ा परिषद के साथ रहा है। उन्होंने कहा कि अब ऐसा नहीं होगा। यदि आगामी बैठक में अखाड़ा परिषद यदि उनके अखाड़ों के प्रस्ताव पर विचार नहीं करता है तो आवाह्न अखाड़े को परिषद के विषय में विचार करने को बाध्य होना पड़ेगा। श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने कहा कि आवाह्न अखाड़े की मांग है कि प्रयागराज कुम्भ में शिविर की भूमि जो तीन अखाड़े को एक जगह मिलती है, वह बराबर-बराबर तीनों अखाड़े के नाम से कराकर नाप कर दी जाए। किन्नर अखाड़ा 13 अखाड़े के बाद स्नान करे। जूना अखाड़े ने जो आवाह्न अखाड़े के स्थानों पर अपने साधु बैठाए हुए हैं उन्हें तत्काल हटाया जाए। आवाह्न अखाड़ा सर्वप्रथम अखाड़ा है और कुम्भ मेला स्नान आवाह्न, अटल और महानिवार्णी अखाड़े का है। आवाह्न अखाड़ा सन् 547 ई. से अटल 647 ई. से और महानिवार्णी अखाड़ा 749 ई. से अखाड़े के रूप में कुम्भ स्नान करता चला आ रहा है। आनन्द अखाड़ा सन् 856 ई. से, निरंजनी सन् 904 ई. से अग्नि अखाड़ा 1136 ई. से और जूना अखाड़ा सन् 1156 ई. से अखाड़े के रूप में स्नान करने लगा है। आवाह्न अखाड़े को सन् 2024 में 1478 वर्ष हो गए हैं और अटल अखाड़े को 1378 वर्ष, महानिवार्णी अखाड़े को 1276 वर्ष, आनन्द अखाड़े को 1169 वर्ष, निरंजनी अखाड़े को 1121 वर्ष, अग्नि अखाड़े को 889 वर्ष और जूना अखाड़े 879 वर्ष हुए हैं। श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने कहा कि कुंभ आदि पर्वों पर स्नान पहले 100 वर्ष तक सन् 547 ई. 646 ई. तक आवाह्न अखाड़ा अकेला करता रहा है। सन् 647 ई. से अटल अखाड़े का आवाह्न के साथ स्नान करना चालू हुआ। इस प्रकार सन 749 ई. तक दोनों अखाड़े आवाह्न व अटल अखाड़ा स्नान करते रहे हैं। सन् 749 ई. से महानिवार्णी अखाड़ा स्नान करने लगा। यह अटल व महानिवार्णी अखाड़ा आवाह्न का ही भाग है। जूना आनन्द अखाड़ा आवाह्न का भाग है । श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने कहा कि शाही स्नान के तीनों अखाड़ों में शंकराचार्यजी ने सन् 800 से 801 के बीच यह तय किया था कि प्रथम शाही में आवाह्न अखाड़ा आगे चलेगा। उसके पीछे अटल अखाड़ा और उसके पीछे महानिवार्णी अखाड़ा स्नान करेगा। दूसरी शाही में अटल अखाड़ा आगे होगा। उसके पीछे महानिवार्णी अखाड़ा और उस के पीछे आवाह्न अखाड़ा स्नान करेगा।

### सोनभद्र में मार्निंग वाक कर रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत

**सोनभद्र :** जिले के करमा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 05 बजे सोनभद्र-मिर्जापुर मार्ग पर मार्निंग वाक के लिए निकले मां और बेटे की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस सुत्रों के अनुसार करमा थाना क्षेत्र के कुचमरवा गांव निवासी रमाकांत की 36 वर्षीय पत्नी ममता और 12 वर्षीय पुत्र सचिन रविवार सुबह मार्निंग वाक के लिए अपने घर से निकले थे। इस दौरान सोनभद्र-मिर्जापुर मार्ग पर एकाएक एक अज्ञात वाहन उन्हें धक्का मारते हुए फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया और एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। मृतक के पति रमाकान्त और रमाकान्त के पिता दधिबल दोनों बाहर काम करते हैं। रमाकान्त की पहली पत्नी की लगभग 18 वर्ष पहले बीमारी के कारण मौत हो चुकी है, जिससे एक पुत्री प्रतिमा है। रमाकान्त की दूसरी शादी से पुत्र सचिन और पुत्री प्रतिभा हैं। पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन आज विभिन्न बैठकों में होंगे शामिल

**रायपुर :** भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन आज रविवार को भाजपा नेताओं के साथ विभिन्न बैठक करेंगे। सुबह 9 बजे रायपुर दक्षिण विधानसभा की बैठक होगी। इसके बाद सुबह 10 बजे प्रदेश के महामंत्रियों और संभाग प्रभारियों की बैठक होगी। इस बैठक के बाद 11 बजे मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री प्रकोष्ठ की बैठक होगी। नितिन नबीन इन बैठकों के दौरान पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे और अभियान की प्रगति को लेकर दिशा-निर्देश देंगे।

## शिमला में पर्यटकों की चहल पहल बढ़ी, सरकारी होटलों में ठहरने पर मिल रही 40 फीसदी छूट

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी व हिल्स स्टेशन शिमला में बारिश का क्रम थमने से सैलानियों की चहल-पहल भी शुरू हो गई है। इस वीक एंड पर शिमला व आसपास के पर्यटन स्थलों में काफी पर्यटक आए। यहां के ऐतिहासिक मॉल रोड व रिज मैदान पर शनिवार से सैलानियों की भीड़ देखी जा रही है। वीक एंड पर एक साथ तीन छुट्टियों से काफी संख्या में सैलानी शिमला की वादियों का रूख कर रहे हैं। सैलानियों के उमड़ने से होटलों में ऑक्यूपेंसी बढ़कर 50 फीसदी पहुंच गई है। वहीं सैलानियों को रिझाने के लिए राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने अपने होटलों में चल रहे मानसून डिस्काउंट को 13 सितंबर से 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है। शिमला में बरसात के मौसम में सैलानियों की आमद कम रहने की वजह से होटलों में ऑक्यूपेंसी 20 फीसदी रहती है। ऑफ सीजन के बावजूद वीक एंड पर सैलानियों के जुटने से पर्यटन कारोबारियों के चहरे खिल गए हैं। शिमला में इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है। रविवार को



यहां धुंध छायी हुई है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन हल्की वर्षा का अनुमान जताया है। हालांकि किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि वर्षा ऋतू के कारण जुलाई और अगस्त के महीनों में नाममात्र सैलानियों का आना हुआ। इससे पर्यटन कारोबार पर काफी प्रतिकूल असर हुआ लेकिन खुशी की बात यह है कि अब मानसून के धीमे पड़ने और अंतिम पढाव पर होने से पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। अक्टूबर के पहले हफ्ते मानसून प्रदेश से रुख्सत हो जाता है। शिमला होटलियर एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने बताया कि इस वीक एंड पर सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी हुई है और होटलों में ऑक्यूपेंसी 50 फीसदी तक पहुंच गई है। उधर एचपीटीडीसी ने अपने होटलों में ऑफ सीजन डिस्काउंट को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है। सैलानियों को रिझाने के लिए एचपीटीडीसी अपने 35 होटलों में बुकिंग पर बीते 15 जुलाई से 20 से 40 फीसदी तक डिस्काउंट दे रहा है। होटल कारोबार को पटरी पर लाने के लिए एचपीटीडीसी ने डिस्काउंट बढ़ाने का फैसला लिया है। एचपीटीडीसी के महाप्रबंधक अनिल तनेजा ने बताया कि प्रदेश के अलग-अलग होटलों में कमरों की बुकिंग पर छूट आगामी 30 सितंबर तक जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वामन देव के प्रकट उत्सव 'वामन द्वादशी' पर दी शुभकामनाएं

**भोपाल :** भगवान विष्णु के पांचवें अवतार वामन देव का प्रकट उत्सव है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्य-मंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यजमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स के माध्मुय से कहा कि ₹भगवान श्री वामन जी के प्राकट्य दिवस 'वामन द्वादशी' व्रत पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। अहंकार नष्ट कर बुरे कर्मों से छुटकारा दिलाते हुए आत्मबल में वृद्धि प्रदान करने वाले भगवान श्रीविष्णु जी के पांचवें अवतार श्री वामन जी की कृपा आप सभी पर बनी रहे, सभी का कल्याण हो, यही करबद्ध प्रार्थना है।₹ पौराणिक मान्यता है कि भगवान विष्णु ने भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर वामन अवतार लिया था। वामन देव विष्णु जी के पांचवें अवतार हैं। वामन उस समय प्रकट हुए थे, तब दैत्यराज बलि का आतंक फैला हुआ था। बलि ने देवताओं को पराजित कर दिया था और स्वर्ग पर अधिकार कर लिया था। देवताओं की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने देवमाता अदिति के गर्भ से वामन देव के रूप में जन्म लिया था।

## अमेरिका दौरे पर नेपाल के प्रधानमंत्री ओली का हार्वर्ड और कोलंबिया यूनिवर्सिटी में विशेष संबोधन



एजेंसी

**काठमांडू :** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की 79वीं महासभा में भाग लेने के लिए अमेरिका जा रहे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय और बोस्टन में हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विशेष संबोधन होगा। यह पहला मौका होगा जब नेपाल के किसी प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिका के इन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में संबोधन होने जा रहा है। न्यूयॉर्क में नेपाल के स्थाई प्रतिनिधि लोक बहादुर थापा ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों में प्रधानमंत्री ओली के संबोधन के लिए समन्वय का काम पूरा कर लिया गया है। थापा के मुताबिक प्रधानमंत्री ओली द्वारा कोलंबिया विश्वविद्यालय में 23 सितंबर को और हार्वर्ड में 27 सितंबर को संबोधित करने का कार्यक्रम तय हो गया है। प्रधानमंत्री ओली 10 सितंबर से शुरू हुई संयुक्त राष्ट्र की 79वीं महासभा में शामिल होने के लिए 21 सितंबर को न्यूयॉर्क पहुंचने वाले हैं। उनका 26 सितंबर को संबोधन करने का कार्यक्रम है।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को जयंती और केएस सुदर्शन को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**भोपाल :** भारत के महान अभियंता, राजनयिक और भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की आज रविवार को जयंती है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांचवें सरसंघचालक केएस सुदर्शन की आज ही के दिन पुण्यतिथि भी है। इस असवर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दोनों महान हस्तियों को नमन कर श्रद्धांसुमन अर्पित किये है। मुख्यमंत्री डॉ ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को जयंती पर नमन करते हुए लिखा अद्वितीय अभियंता, 'भारत रत्न' सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी को जयंती पर सादर नमन। अभियंता दिवस की सभी अभियंता गणों को हार्दिक बधाई। आत्मनिर्भर एवं आधुनिक भारत के नवनिर्माण में अभियंताओं की अहम भूमिका है। आप अपने ज्ञान, कौशल एवं समर्पण से विकसित भारत के निर्माण में सतत प्रयत्नशील रहें, मेरी शुभकामनाएं। एक अन्य संदेश के माध्यम से उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांचवें सरसंघचालक केएस सुदर्शन को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा राष्ट्र सेवा के संस्कार प्रदान कर असंख्य युवाओं के जीवन को दिशा देने वाले, @RSSorg के पांचवें सरसंघचालक परमपूज्य केएस सुदर्शन जी को पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। स्वदेशी के स्वाभिमान के प्रति जागरूकता की अलख जगाते आपके प्रखर विचार, चिंतन व कृतित्व भारत के नवनिर्माण के पथ प्रदर्शक बने रहेंगे। आपका तपस्वी समान जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

## जहाजपुर में पथराव का मामला : दो मस्जिदों के स्वामित्व दस्तावेज मांगे, तनाव बरकरार

एजेंसी

**भीलवाड़ा :** शाहपुरा जिले के जहाजपुर कस्बे में शनिवार को बेवाण पर पथराव की घटना से तनाव का माहौल बन गया। इस घटना के बाद कस्बे में हालात काफी संवेदनशील हो गए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रातभर ऑपरेशन चलाकर 15 लोगों को हिरासत में लिया है। पथराव की घटना के बाद कस्बे में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को राम रेवाड़ी जुलूस के दौरान एक मस्जिद से बेवाण पर पथराव की घटना हुई, जिसके बाद कस्बे में तनाव फैल गया। इस घटना को लेकर जहाजपुर से विधायक गोपीचंद मीणा ने



आक्रोश व्यक्त करते हुए पथराव के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने उस मस्जिद को अवैध बताकर उसे ध्वस्त करने की मांग भी रखी, जहां से पथराव हुआ था। नगर पालिका की ओर से पथराव वाली जामा मस्जिद तथा तकिया मस्जिद के सदर से स्वामित्व तथा निर्माण स्वीकृति के दस्तावेज 24 घंटों में पेश करने को कहा है। रविवार को दूसरे दिन जहाजपुर कस्बे के बाजार बंद है। हिन्दू संगठनों ने आज बैठक करके आगे की रणनीति पर विचार किया है। आज की बैठक में भी मुख्य रूप से अवैध मस्जिद को हटाने व उस पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। निकटवर्ती पंडेर कस्बा भी समर्थन में बंद है। बजरंगदल की ओर से आज सभी उपंखड मुख्यालयों पर इस मामले को लेकर ज्ञापन दिया जायेगा।

शाहपुरा कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि हालात नियंत्रण में है। दोनो पक्षों से वार्ता के दौर जारी हैं। प्रशासन अपना काम कर रहा है। किसी भी दंगाई को बख्शा नहीं जायेगा। वो स्वयं एसपी राजेश कांवट के साथ वहीं पर डेरा डाले है। विधायक गोपीचंद मीणा शनिवार को अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए, जिससे कस्बे में तनाव और बढ़ गया। पुलिस और प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू की। इस दौरान अतिक्रमण हटाने के अभियान में रात में कुछ केबिनों को हटा दिया गया, लेकिन इसी बीच दो केबिनों में कुछ युवकों ने आग लगा दी।

## गंगा नदी में डूबे दो किशोर, तलाश जारी



**देहरादून :** पौड़ी जनपद के कुनाऊ गांव के पास गंगा नदी में रविवार को दो किशोर बह गए। एसडीआरएफ टीम उनकी तलाश में जुटी हुई है। दरअसल, रविवार सुबह एसडीआरएफ को लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्रांतर्गत कुनाऊ गांव के पास गंगा नदी में दो युवकों के बहने की सूचना मिली। गंगा की तेजधार में बीस बीघा के निवासी दोनों किशोरों की पहचान ईशान बिजलवान्न (15) व दीपेश रावत (15) बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रही है।

**मप्र में आज से एक्टिव होगा बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम**

## 10 जिलों में तेज बारिश होने की संभावना, अलर्ट जारी

- **प्रदेश में तीन दिन भारी बारिश की संभावना**

एजेंसी

**भोपाल :** मध्यसप्रदेश में इस बार मानसून ने पूरे प्रदेश को तरबदर कर दिया है। एक बार फिर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम रविवार से एक्टिव हो रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 3 दिन तक मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में भारी बारिश होगी। वहीं, आज रविवार को सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट और मैहर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में लो



प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव हो गया है। यह आगे बढ़ रहा है। अगले 24 घंटे के दौरान यह मध्यप्रदेश में छा जाएगा। मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी सक्रिय है। इस वजह से भारी बारिश का अलर्ट है। हालांकि 18 सितंबर से प्रदेश में बारिश की एक्टिविटी घट जाएगी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान रीवा, मऊगंज, सतना, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा में भी तेज बारिश की संभावना जताई है। जबकि इंदौर-उज्जैन संभाग में धूप खिली रहेगी। वहीं, भोपाल, ग्वालियर और नर्मदापुरम संभाग में हल्की गरज-चमक और धूप-छांव वाला मौसम रहेगा। पिछले 24 घंटे में मध्यप्रदेश के चार जिले इंदौर, सागर, सीधी और छतरपुर में बारिश हुई। सबसे ज्यादा पानी सीधी में पौन इंच, छतरपुर जिले के खजुराहो में आधा इंच पानी गिरा। इंदौर, सागर और नौगांव में बूंदाबांदी हुई। वहीं, भोपाल के पास कोलार डैम का रविवार सुबह 8 बजे एक गेट खोल दिया गया। डैम प्रभारी हर्षा जैनवाल ने बताया कि डैम में पानी की आवक हो रही है, इसलिए यह फुल हो गया है। भोपाल, ग्वालियर समेत 35 जिलों में बारिश का कोटा फुल हो चुका है। यहां 100 से 195 प्रतिशत तक पानी गिर चुका है। एमपी में अब तक औसत 40.4 इंच बारिश हो चुकी है। श्योपुर सबसे अव्वल है। यहां सामान्य की दोगुनी यानी, 195 प्रतिशत तक बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा पानी मंडला में गिरा है। यह पहले नंबर पर है। यहां अब तक 55.6 इंच पानी बरस चुका है। 4 जिले- सीहोर, छतरपुर, शाजापुर और शहडोल ऐसे हैं, जहां 96 से 100 प्रतिशत तक पानी गिरा है। यह कैटेगिरी सामान्य बारिश के दायरे में आती है। अभी रीवा जिला सबसे पीछे है। यहां सामान्य की 61.47 प्रतिशत यानी, 24 इंच पानी ही गिरा है।

# करम डाल विसर्जन करने के दौरान नदी में डूबी चार बहनें, एक की मौत

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** करम डाल विसर्जन करने के दौरान चार बच्चियां नदी में डूब गयीं, जिसमें एक की मौत हो गयी। यह घटना रविवार की सुबह साहिबगंज जिले के

राजमहल थाना क्षेत्र स्थित तेंनवा नाला के पास घटी है, जहां करमा पूजा का डाल विसर्जन करने के दौरान चार बच्चियां नदी में डूब गयीं। इनमें



से तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जबकि एक बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गयी। मृतक बच्ची की पहचान मुकेश यादव की 9 वर्षीय बेटी प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है।

**करमा पूजा की सामग्री विसर्जन करने गयी थी चारों बहन :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि टेकबथान गांव निवासी मुकेश यादव की बेटी प्रियंका कुमारी (9 वर्षीय), रिया कुमारी (12 वर्षीय) अपनी चचेरी बहन व सोनाक्षी कुमारी (10 वर्षीय, पिता विकास यादव) और चांदनी कुमारी (9 वर्षीय, पिता प्रदीप यादव) के साथ रविवार की सुबह करीब पांच बजे गांव से लगभग 500 मीटर दूर डेढ़गामा-टेकबथान गांव के बीच बने तेंदुवा नाला में करमा पूजा की सामग्री का विसर्जन करने गयी थी। इसी दौरान यह हादसा हो गया और प्रियंका कुमारी की डूबने से मौत हो गयी।

## चक्रधरपुर रेल डिविजन के लिए 15 सितम्बर है एतिहासिक



**दक्षिण** पूर्व रेलवे को सर्वाधिक राजस्व देने वाला चक्रधरपुर रेल मंडल एक नया अध्याय और इतिहास 15 सितम्बर को बनाने जा रहा है। चक्रधरपुर रेल मंडल अन्तर्गत टाटानगर रेलवे स्टेशन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ सामूहिक रूप से 10 बंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन करेंगे जो चक्रधरपुर रेल मंडल के लिए गौरव की बात होगी। पूरे देश की निगाह उद्योग नगरी, लौह नगरी जमशेदपुर पर होगी क्योंकि देश के प्रधानमंत्री जमशेदपुर पहुंचकर टाटा नगर रेलवे स्टेशन से दस ट्रेनों को हरि झंडी दिखायेंगे। लोकसभा चुनाव और प्रधानमंत्री बनने के पश्चात नरेन्द्र मोदी का जमशेदपुर आगमन हो रहा है। इस कार्यक्रम को एतिहासिक बनाने के लिए एक ओर जहां डीआरएम अरूण जातोह राठौड़ के द्वारा रेल प्रशासन के द्वारा प्रधानमंत्री के आगमन की व्यापक तैयार और कार्यक्रम को बेहतर सुचारू बनाने के लिए पुरे रेल प्रशासन के साथ निरंतर जुटे हुए हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस एतिहासिक कार्यक्रम और अवसर को चक्रधरपुर रेल मंडल भी काफी उपलब्धि भरा मान रहा है और मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा भी इस कार्यक्रम को एतिहासिक धरोहर के रूप में बनाने के लिए किए गए कार्य और प्रयास भी काफी सराहे जा रहे हैं। चक्रधरपुर रेल मंडलवासियों के साथ-साथ झारखण्ड और कोल्हानवासियों के लिए भी काफी एतिहासिक है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि 15 सितम्बर देशवासियों और झारखण्डवासियों तथा चक्रधरपुर रेलमंडल के लिए काफी महत्वपूर्ण और एतिहासिक है। प्रधानमंत्री के द्वारा दस बंदे भारत एक्सप्रेस का निम्नलिखित स्थलों से चलने वाले ट्रेनों का परिचालन भी प्रारंभ होगा - टाटा नगर से पटना, टाटा से ब्रम्हपुर, हावड़ा से भागलपुर, वाराणसी से देवघर, आगरा कैन्ट से बनारस, हावड़ा से राउरकेला, दुर्ग से विशाखापटनम, हावड़ा से गया, हुगली से पुणे, नागपुर से सिकन्दराबाद शामिल है।

## मुनी बाबा धर्मशाला में एकादशी पर गणेश पूजा पंडाल में फलों की हुई अद्भूत सजावट



**चक्रधरपुर :** 1946 में भगवान गणेश की पूजा अर्चना चक्रधरपुर में आरंभ हुई और अबतक यह निरंतर निर्वाध रूप से श्री श्री किशोर गणेश संघ चक्रधरपुर के मनोनीत पदाधिकारी और सदस्यगणों के सहयोग निरंतर जारी है। संध्या बेला में आरती के समय श्रद्धालु और भक्तजनों की व्यापक रूप से भीड़ काफी अलौकिक है। आज एकादशी के अवसर पर पूरे पूजा पंडाल को फलों से सजाया गया और भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गयी। भक्तजनों के बीच आज एकादशी के अवसर पर व्यापक रूप से आलू के हलवा का भोग लगा और व्यापक रूप से भक्जनों और श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। भगवान श्री गणेश के पूजा अर्चना और आरती के बाद प्रसाद वितरण व्यापक रूप से किया गया। गौरतलब हो कि स्थानीय मुनीबाबा धर्मशाला में आजादी के पूर्व से स्थापित यह गणेश पूजा पूरे पश्चिम सिंहभूम जिला में भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केन्द्र है और ग्यारह दिनों तक चलने वाले इस गणेशोत्सव में शामिल होने के लिए शहरवासी प्रति दिन पहुंचते हैं आरती के समय तो भक्तजनों की भीड़ देखते ही बनती है।

## हाथियों का आतंक, ग्रामीणों में दहशत



**चान्हो:** चान्हो क्षेत्र के लुंडरी गांव में शनिवार की रात लगभग 18 से 20 हाथियों का एक झुंड आ धमका, जिससे गांव के लोग दहशत में हैं। हाथियों के इस अचानक आगमन से ग्रामीण सहमे हुए हैं और उनकी जान-माल की सुरक्षा को लेकर भारी चिंता व्याप्त है। हालांकि, गांव के लोगों ने कई बार हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन हाथी एक जगह पर जमकर खड़े हो गए हैं और हटने का नाम नहीं ले रहे। हाथियों के डटे रहने से फसल और घरों को नुकसान पहुंचने का भी खतरा है। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को सूचित किया है। गांव वालों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर हाथियों को सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है।

## मांडर कॉलेज के नए प्रोफेसर इंचार्ज बने डॉ आदित्येंद्र नाथ शहदेव

**मांडर:** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत मांडर कॉलेज में डॉ आदित्येंद्र नाथ शहदेव को नया प्रोफेसर इंचार्ज नियुक्त किया गया है। डॉ शहदेव का मारवाड़ी कॉलेज से मांडर कॉलेज में स्थानांतरण किया गया है, जहां वह कॉमर्स विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। इसके साथ ही, उन्होंने रांची विश्वविद्यालय के वित्तीय पदाधिकारी का प्रभार भी संभाला था। मांडर कॉलेज में डॉ। शहदेव को वित्तीय अधिकारों के साथ प्रोफेसर इंचार्ज बनाया गया है। इस संबंध में रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, मांडर कॉलेज की प्रोफेसर डॉ कुनुल कांदिर को बॉटनी विभाग में वापस स्थानांतरित कर दिया गया है। डॉ शहदेव की नियुक्ति से मांडर कॉलेज में शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में सुधार की उम्मीद की जा रही है।

## तीन दिन से बिस्तर के इंतजार में बरामदे में पड़ी है गर्भवती महिला

**जमशेदपुर:** एमजीएम अस्पताल की व्यवस्था इन दिनों चरमरा गई है। आए जिन मरीजों की देखभाल नहीं करने, बेड उपलब्ध नहीं होने की खबरें प्रकाश में आती हैं। इसी तरह का एक मामला शनिवार को एक गर्भवती महिला के साथ हुआ। बिस्तर के अभाव में गर्भवती महिला को बरामदे में रहना पड़ रहा है, महिला तीन दिनों से बिस्तर के अभाव में गायनिक वार्ड के बाहर बरामदे में अपने घर से लाई हुई चादर में सोकर रात गुजार रही है। महिला का बिरसानगर की रहने वाली हैं। गुड़िया देवी नामक महिला के ऊपर मुसीबत का पहाड़ उस वक्त टूट पड़ा जब देर रात जोर से बारिश आरंभ हो गई। जहां गुड़िया लेटी हुई थी वहां सीधे तेज रफ्तार से बारिश का पानी आने पर गुड़िया की परेशानी बढ़ गई रात अधिक होने के कारण गुड़िया समझ नहीं पा रही थी की पानी से अपने आपको और गर्भ में पल रहे बच्चे को कैसे बचाएं। धीरे-धीरे वह अस्पताल के दूसरे ब्लॉक में जाकर बरामदे में शरण ली। दूसरी ओर गुड़िया से मिलने अस्पताल पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर रविंद्र कुमार से बात की तथा अविलंब बेड दिलाने की बात कही। विकास सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के गृह क्षेत्र के अस्पताल का यह हाल है तो अन्य जिलों का क्या हाल हो रहा होगा।

## विधान सभा चुनाव 2024 कोल्हान के लिए काफी महत्वपूर्ण



बिनय मिश्रा

**वर्ष** 2019 में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो कांग्रेस, राजद एवं विधायक बिनोद सिंह, कमलेश सिंह के समर्थन से गठित सरकार अपने कार्यकाल के पूर्ण पांच वर्ष पूरे कर रही है। विधानसभा 2024 के चुनाव में महज अब कुछ समय ही बचे हैं। विधानसभा चुनाव के अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है और इसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने ढंग से तैयारी प्रारंभ कर दी है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा विगत विधानसभा चुनाव में कोल्हान के कुल चौदह सीटों में से एक भी सफलता नहीं हासिल कर पायी और भाजपा से टिकट से वंचित कर दिये जाने पर सरयू राय निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के विरूद्ध चुनाव लड़ने के साथ ही विजयी भी रहें अर्थात अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा ने ही भाजपा को हराया। वहीं वर्तमान परिस्थिति इस बार भाजपा के लिए बेहतर आंकी जा रही है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि कोल्हान से भाजपा के चार पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं तथा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास वर्तमान समय में ओड़िसा के महामहिम राज्यपाल है। पश्चिम सिंहभूम के जगन्नाथपुर विधानसभा से चुनाव जीतकर निर्दलीय मुख्यमंत्री के रूप में डेढ़ वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने वाले मधुकोड़ा 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा में शामिल हैं और जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से यह प्रबल संभावना है कि भाजपा की ओर से पूर्व सांसद व वर्तमान समय में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा इस विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनायी जा सकती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा प्रारंभ से ही राजनीति दिग्गज के रूप में अपनी पहचान बनायी है। वर्ष 2000 में जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर झारखण्ड राज्य अलग बनने के बाद प्रथम बार मंत्री बनें। इसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2005 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा ने उन्हें टिकट से वंचित कर दिया तो उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर भाजपा को अपना समर्थन दिया और पुनः मंत्री भी बनें। हालांकि बाद में अर्जुन मुण्डा द्वारा इनके विधानसभा के क्षेत्र में सड़क निर्माण की ज्वलंत मुद्दे पर मदभेद के साथ ही अचानक राजनीतिक उलटफेर हुयी और मधुकोड़ा ने इतिहास रच डाला। वे निर्दलीय मुख्यमंत्री बनें और डेढ़ वर्षों तक सरकार चलाकर लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज कराया। राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य दलों का समर्थन भी इन्हें मिला जो निश्चित तौर पर भारत के इतिहास में यह पहला अवसर है जब इतने समय तक निर्दलीय मुख्यमंत्री ने सासन की बागडोर संभाल कर रखी थी।


## गुड़ाबांदा में स्कूल की छत पर गिरा बरगद का पेड़



**गुड़ाबांदा :** प्रखंड के सिंहपुरा पंचायत अंतर्गत ज्वालकाटा स्थित मिलन बिथी प्लस टू हाईस्कूल भवन के ऊपर शनिवार को बरगद का पेड़ टूट कर गिर गया है। शुक्रवार देर शाम से इस क्षेत्र में तेज हवा के साथ लगातार बारिश हो रही है। इसी तेज हवा व बारिश के कारण एक पेड़ स्कूल के भवन पर ही गिर गया। हालांकि इस घटना में भवन के अलावा किसी को को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। संयोग से शनिवार को करमा पूजा होने के कारण स्कूल बंद था। जिसके कारण विद्यार्थी स्कूल नहीं आये थे। स्कूल खुलने के बाद भवन की मरम्मत करानी होगी। दूसरी तरफ कितनी कई दिनों के बाद बारिश होने से क्षेत्र के किसान खुश हैं। क्योंकि पानी के बगैर धान के खेत सूखने लगे थे। बारिश होने से धान की फसल को फायदा मिलेगा।

## ड्राई रन से घंटों जाम रहा आधा शहर

### बिष्टुपर, जुगसलाई, स्टेशन,करनडीह तक रेंगती रही गाड़ियां



**जमशेदपुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टाटानगर दौरे को लेकर शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से ड्राई रन का आयोजन किया गया। इसके लिए सोनारी एयरपोर्ट से टाटानगर स्टेशन तक आने वाली वन-वे सड़क को पूरी तरह खाली करा दिया गया। उसी रोड पर ड्राई रन किया गया। प्रोटोकॉल के तहत प्रधानमंत्री के काफिले में जितनी गाड़ियां चलती हैं। उतनी गाड़ियों को पूर्वाभ्यास में शामिल किया गया। पीएम की गाड़ी के पीछे जैमर लगी गाड़ी चल रही थी। इस दौरान सड़क के दोनों ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ड्राई रन के दौरान किसी को पैदल अथवा वाहन के साथ प्रवेश की इजाजत नहीं थी।

सोनारी से स्टेशन तक एक रूट पूरी तरह कराया गया था खाली: सोनारी से टाटानगर स्टेशन के आने के दौरान पड़ने वाले सारे क्रॉस रोड को बैरियर लगाकर बंद कर दिया गया था। साथ ही वहां पुलिस की तैनाती कर दी गई थी। लगभग एक घंटे तक चले ड्राई रन के दौरान तीन घंटे तक कदमा, सोनारी, बिष्टुपुर, जुगसलाई, बागबेड़ा जाने वाली सड़कों पर वाहन फंसे रहे। टाटानगर स्टेशन से बिष्टुपुर की ओर आने वाले एवं बिष्टुपुर से जुगसलाई-बागबेड़ा की ओर जाने वाले वाहन वन-वे रूट से आवाजाही के कारण जाम में फंस गए। इस दौरान कई लोग बारिश में भींगने को मजबूर हुए। ड्राई रन का साइड इफेक्ट शहर की अन्य सड़कों पर भी दिखा। टाटानगर स्टेशन से ओवरब्रिज होकर बमार्माइंस की ओर जाने वाली सड़क भी जाम रही। इसी तरह साकची से कदमा, सोनारी,बिष्टुपुर एवं जुगसलाई जाने वाले वाहनों का रूट ड्राई रन के दौरान बंद कर दिया गया था। जिसके कारण इन सारे सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार दिखी।

## वन विभाग ने पकड़ा बोटा लदा पिकअप वैन

**चाईबासा :** वन विभाग चाईबासा ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की रात्रि 12 बजे मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बामियाबस मार्ग के समीप मौअदी गांव मार्ग पर अवैध लकड़ी का बोटा (साल लकड़ी) लदा पिकअप वैन को गश्ती के दौरान पकड़ा। वहीं मौके से चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त पिकअप वैन एवं चालक को वन क्षेत्र पदाधिकारी (टुंगरी) चाईबासा कार्यालय में लाकर पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी जितेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि



पिकअप वैन में लगा नंबर प्लेट भी फर्जी है। जांच में पता चला कि यह ट्रैक्टर का नंबर है। इन सब के पीछे पूर्व में वन विभाग चाईबासा में दैनिक मजदूरी के रूप में काम करने वाला चालक जयराम सिंह का नाम आ रहा है। वहीं गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

## अमेजन के रिकवरी एजेंट को अपराधियों ने मारी गोली, रुपयों से भरा बैग लेकर भागे



**धनबाद :** झरिया के पाथरडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बी टाइप गेट के समीप अमेजन के रिकवरी एजेंट को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी है। मुकुल मिश्रा (30 वर्षीय) को पीठ में गोली लगी है। गोली मारने के बाद अपराधी उसका पैसे से भरा बैग लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बैग में 9 लाख रुपये थे। इधर स्थानीय लोगों ने उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद के एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं मौके पर पाथरडीह पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

मेट्रो रेज

**हजारीबाग:** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में शनिवार को हिंदी दिवस समारोह के आयोजन के साथ ही राजभाषा पखवाड़ा की शुरूआत हो गई। राजभाषा पखवाड़ा 14 सितंबर से 30 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस क्रम में 18 सितंबर को हिंदी की वैश्विक फलक और विद्यार्थियों की भूमिका पर ऑनलाइन संवाद किए जाएंगे। 20 को हिंदी कार्यशाला, 21 को हिंदी योग्यता प्रमाणन प्रतियोगिता, 24 को हिंदी कविता पाठ, 26 को वाद-विवाद प्रतियोगिता, 28 को हिंदी कहानी पाठ प्रतियोगिता और 30 सितंबर को पुरस्कार वितरण एवं समापन



समारोह का आयोजन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह की शुरूआत कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ जयदीप सन्याल समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर डॉ पीके नायक ने कहा कि भारत की आजादी में हिंदी भाषा का योगदान अहम रहा है। उन्होंने राजभाषा के रूप में हिंदी की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला और कहा कि हम सभी को अपने-अपने जीवन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाना चाहिए।

**हिंदी भाषा ने हमें संस्कृति से जोड़ा :** डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि हिंदी जीवंत भाषा है, जिसने सबको समेटा है। हिंदी भाषा ने राजनीतिक सीमाओं को तोड़ कर हमें संस्कृति से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि आगामी 30 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार के साथ साथ प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए शपथ भी लिया गया। मंच संचालन डॉ रोजीकांत और धन्यवाद ज्ञापन पल्लवी कुमारी ने किया।

**नम आंखों से दी गई गणपति बप्पा को विदाई :** गणेश चतुर्थी के दिन आईसेक्ट विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई थी। शनिवार की शाम आरती के बाद नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी गई। इस दौरान एक-दो-तीन-चार गणपति बप्पा की जय-जयकार, गणपति बप्पा मोरया जैसे नारों से पूरा विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा। मूर्ति विसर्जन के दौरान विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक, प्रध्यापिका एवं कर्मियों के साथ साथ बड़ी संख्या विद्यार्थी मौजूद थे।